प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

रविवार 08 दिसम्बर 2024

● वर्ष 03 ● अंक 117

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88



## पहली बार दो ब्लॉक में सिमट कर बैठेगा विपक्ष

# छठी विधानसभा का पहला सत्र कल से, दोनों पक्ष तैयार

- 12 दिसंबर तक चार कार्य दिवस होंगे
- नये सदस्यों को दिलायी जायेगी शपथ, अनुपूरक बजट भी पेश होगा



फाइल फोटो

**रांची।** षष्ठम विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार बनी नयी सरकार नौ दिसंबर को पहली बार विधानसभा पहुंचेगी। इस बार सदन का नजारा बदला होगा। सदन में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बैठने की व्यवस्था 56:24 के अनुपात में दिखेगी। विपक्ष थोड़ी जगहों में सिमटा होगा, जबकि सत्ता पक्ष का फैलाव इस बार पहले के मुकाबले बड़ा होगा। सत्र नौ से 12 दिसंबर तक चार दिनों के लिए बुलाया गया है। इस दौरान चार कार्य दिवस होंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। उधर, सत्ता पक्ष और विपक्ष भी सत्र को लेकर तैयारी में जुटा है।

गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा 81 सदस्यों की है। बहुमत के लिए 41 विधायकों की ही जरूरत है, जबकि विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। गठबंधन में झामुमो ने 34, कांग्रेस ने 16, राजद ने चार और माले ने दो सीट हासिल की है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए ने 24 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा को 21, आजसू, जदयू और लोजपा को एक-एक सीट मिली है। यानी सत्ता पक्ष के 56 विधायक सदन में होंगे, जबकि विपक्ष के 24 विधायक रहेंगे। वहीं, जेकेएलएम पहली बार एक सीट जीत पर विधानसभा पहुंचा है। उसके भी एक विधायक होंगे। सदन में विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी की दायीं तरफ सत्ता पक्ष और बायीं तरफ विपक्ष के बैठने के लिए जगह निर्धारित होती है। इस बार विपक्ष की संख्या इतनी सिमट गयी है कि वह दो ब्लॉक में ही सिमटा हुआ नजर आयेगा। वहीं सत्ता पक्ष के विधायक पूरे सदन में दायीं ओर से लेकर सामने तक भरे हुए नजर आयेंगे।

**सत्ता पक्ष और विपक्ष ने की तैयारी:** सदन की कार्यवाही पर जहां चुनाव परिणाम की झलक दिखेगी, वहीं दूसरी ओर विपक्ष अपने टूटे हुए मनोबल को जोड़ने का प्रयास करेगा, जिससे कार्यकर्ताओं को एक संदेश जा सके। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 मंत्रियों की टीम तैयार हो चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगी मंत्रियों को आवश्यक परामर्श दे दिया है। उधर, इंडिया गठबंधन के विधायकों की बैठक रविवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पर बुलायी गयी है। बैठक में सत्र को लेकर चर्चा होगी। वहीं, प्रदेश भाजपा ने रविवार को विधायक दल की बैठक बुलायी है। प्रदेश कार्यालय में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी करेंगे। भाजपा ने अभी तक विधायक दल का नेता तय नहीं किया है। इसलिए यह सत्र बगैर विपक्षी नेता के होने की उम्मीद है।

**नये विधायकों के ठहरने की अस्थायी व्यवस्था:** नवनिर्वाचित विधायकों के ठहरने की अस्थायी व्यवस्था की गयी है। स्टेट गेस्ट हाउस और पुरानी विधानसभा में इनके लिए कमरा रखा गया है। सत्र के बाद विधायकों को आवास की स्थायी सुविधा दी जायेगी।

### सदस्यों को दिलायी जायेगी शपथ

विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला सत्र है। सबसे पहले विधायकों को शपथ दिलायी जायेगी। इसके लिए प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को बनाया गया है। वह सभी सदस्यों को शपथ दिलायेंगे। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। उम्मीद है कि अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिया जायेगा। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

### सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किये गये हैं

प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शुक्रवार को सत्र को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य कार्यों को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होगी। कई नये और पुराने विधायक चुनाव जीत कर आये हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में विधायकों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के आने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर सुरक्षा की पुख्ता तैयारी की जा रही है। बिना पास के किसी को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने की अनुमति नहीं होगी।

### सत्र में किस दिन क्या होगा

- 9 दिसंबर : विधायकों की शपथ
- 10 दिसंबर : विधायकों की शपथ, नये अध्यक्ष का चुनाव
- 11 दिसंबर : राज्यपाल का अभिभाषण, द्वितीय अनुपूरक सदन पटल पर रखा जायेगा
- 12 दिसंबर : राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद, अनुपूरक पर चर्चा और पारित होगा।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 12 लोगों के खिलाफ चार्जशीट

- पीएमएलए की विशेष अदालत में आरोप गठित
- इडी को गवाह पेश करने का निर्देश



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 लोगों पर अब मुकदमा चलेगा। इन सभी पर पीएमएलए की विशेष अदालत में आरोप गठित कर दिये गये हैं। अदालत ने अब प्रवर्तन निदेशल (इडी) को गवाह पेश करने को कहा है। इससे पहले इडी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत 13 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जिन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है, उसमें से एक आरोपी निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की मौत हो चुकी है।

**टेंडर कमीशन में इडी ने की है दो बड़ी कार्रवाई :** टेंडर कमीशन को लेकर इडी ने डेढ़ साल के भीतर दो बड़ी कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के आवास और ठिकानों पर की थी। इडी ने उनके रांची, जमशेदपुर, पटना और दिल्ली आदि में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के बाद न केवल निलंबित चीफ इंजीनियर बल्कि उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के बाद दूसरी कार्रवाई 6 और 7 मई 2024 को की थी। इस दिन इडी ने कई इंजीनियर, ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसे नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापा मारा था। इस दौरान संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से 32.20 करोड़ कैश बरामद किया गया था। कार्रवाई के दूसरे दिन 7 मई 2024 को इडी ने संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। जब इस जांच की आंच पूर्व मंत्री आलमगीर आलम तक पहुंची, तो इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया। दो दिनों की पूछताछ के बाद उन्हें 15 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं मंईयां सम्मान योजना की लाभुक: बाबूलाल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मईयां सम्मान योजना को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में फार्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिला।

मरांडी ने कहा कि रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब है, जहां करीब 30 हजार महिलाओं को इस योजना की राशि अब तक नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण महिलाएं बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण माताएं बहनें दिनभर लाइनों में खड़ी रहती हैं लेकिन इसके बाद भी उन्हें केवल और केवल निराशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भले ही योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था लेकिन सरकार की लापरवाही और देरी के कारण महिलाओं को मुश्किलों एवं सही क्रियान्वयन न होने से आर्थिक रूप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

# पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी, खलबली

### मुंबई पुलिस को मिला था मैसेज अजमेर से दो धराया



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज मिलते ही खलबली मच गयी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर शनिवार को मोदी की हत्या की धमकी भरा मैसेज मिला। मैसेज में लिखा गया था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आइएसआइ) के दो एजेंट मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं। मैसेज मिलते ही मुंबई पुलिस टीम अलर्ट हो गयी। धमकी भरे संदेश पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस नंबर से यह मैसेज मिला था, वह नंबर अजमेर राजस्थान से संबंधित है। जांच टीम अजमेर पहुंची और महाराष्ट्र पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा। उसके व्हाट्सएप नंबर से ही पीएम को मारने और ट्रेन में बम ब्लास्ट करने का की साजिश का जिक्र था।

**धनबाद में ट्रेन उड़ाने का जिक्र :** आरोपी ने महाराष्ट्र के गवंडी थाने के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज कर लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मारने और झारखंड के धनबाद में ट्रेन में बम ब्लास्ट करने की साजिश कंपनी का मैनेजर रच रहा है। इस मैसेज के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। मुंबई पुलिस से मिली सूचना के आधार पर अजमेर में एटीएस और अजमेर पुलिस की स्पेशल टीम ने उसे पकड़ लिया।

**मुंबई पुलिस की सूचना पर धराया मो मिर्जा बेग :** मुंबई पुलिस ने इसकी सूचना अजमेर पुलिस को दी। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन से आरोपी मोहम्मद मिर्जा बेग को पकड़ा गया। अजमेर एटीएस प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र के गोवंडी थाने के व्हाट्सएप नंबर पर मोहम्मद मिर्जा बेग ने मैसेज किया था कि कंपनी का मैनेजर हथियार की फैक्ट्री चलाता है। वही ट्रेन में ब्लास्ट करने और पीएम नरेंद्र मोदी को मारने की साजिश रच रहा है। उसके बाद मुंबई पुलिस अलर्ट हो गयी और जिस नंबर से आरोपी ने मैसेज किया था, उसकी लोकेशन को लगातार ट्रेस किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

### संजय सेठ की हत्या की धमकी, दिल्ली पुलिस रांची पहुंची



**रांची।** वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी की दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को दिल्ली पुलिस रांची पहुंची। यहां से दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गयी। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और डीसीपी ने संजय सेठ से दिल्ली में शुक्रवार को इस मामले में जानकारी ली। दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा किया जायेगा। शुक्रवार को संजय सेठ के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से 50 लाख रंगदारी मांगी गयी थी। हत्या की भी धमकी दी गयी थी। इस मामले में दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। झारखंड के डीजीपी को भी अवगत कराया गया है। इन सब के बीच संजय सेठ शनिवार सुबह दिल्ली से रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्हें कभी ऐसी धमकी नहीं मिली थी।

## मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन से मिलीं राज्य की पोषण सखी दीदी

# पोषण सखियों की पुनर्बहाली के निर्णय पर हर्ष जता कर सीएम का किया अभिनंदन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विगत कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा पोषण सखी के पुनर्बहाल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति पोषण सखी दीदियों ने आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। मौके पर मुख्यमंत्री सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पोषण सखी दीदियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपके हक-अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आप सभी पोषण सखी दीदियां सरकार की आँख, नाक और कान बनकर साथ दिया है। आने वाला नया वर्ष आपकी जिंदगी में ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आए। आपका परिवार सुख-समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करे, यही कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह सरकार आपके उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। आप सभी का कर्तव्य है कि आप ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य को अंजाम देंगे। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि हमारी सरकार शहर नहीं बल्कि गाँव से चलने वाली सरकार है। हमारी सरकार आने वाली पीढ़ियों का तकदीर एवं तस्वीर कैसे बदल सकें, अधिक से अधिक रोजगार का सृजन कैसे उत्पन्न कर सकें, इसके प्रति संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है।

# झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार को जमीन सर्वे की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का दिया आदेश



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन सर्वे की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने शुक्रवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को फरवरी तक रिपोर्ट जमा करने का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि राज्य में जमीन सर्वे का काम शुरू हो चुका है। लातेहार और लोहरदगा जिलों में सर्वे पूरा हो गया है। लेकिन बाकि जिलों में काम पूरा करने में अभी 6 महीने का समय लगेगा। वहीं याचिकाकर्ता गोकुलचंद ने अदालत को बताया कि झारखंड में 1980 से लैंड सर्वे का काम चल रहा है। लेकिन 40 से ज्यादा साल बीतने के बाद भी यह पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि सर्वे में देरी के कारण जमीन माफिया सक्रिय हो गए हैं और दस्तावेजों में गड़बड़ी कर जमीन की प्रकृति बदल कर उसकी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

याचिकाकर्ता ने मांग की कि जमीन सर्वे का काम पूरा करने के लिए समय सीमा तय की जाए। अदालत ने इस मामले में सरकार से प्रगति रिपोर्ट मांगी है।

## न्यूज़ अपडेट

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जमशेदपुर ने घाघीडीह स्थित संप्रेक्षण गृह में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए

**जमशेदपुर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) जमशेदपुर ने इनर व्हील क्लब जमशेदपुर के सहयोग से घाघीडीह स्थित संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरित किया। सर्दियों के मौसम में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए सभी बच्चें गर्म कपड़े पाकर काफी खुश दिखे , जो उनके चेहरों पर मुस्कान उनकी खुशी और विचारशील भाव के लिए आभार को दर्शाती थी। यह आउटरीच गतिविधि समाज के कमज़ोर वर्गों का समर्थन करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए डीएलएसए की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इनर व्हील, जमशेदपुर के साथ साझेदारी सामुदायिक ज़रूरतों को पूरा करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालती है। डीएलएसए, जमशेदपुर ज़रूरतमंद लोगों तक पहुँचकर सामाजिक न्याय और समावेशिता को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखता है। ऐसी पहल न केवल भौतिक सहायता प्रदान करती हैं, बल्कि बच्चों में देखभाल और अपनेपन की भावना भी पैदा करती हैं। मौके पर डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद सहित इनर व्हील क्लब के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बुंडू के पास सड़क दुर्घटना में सनातन उत्सव समिति के प्रिंस सिंह की मौत

सनातन उत्सव समिति का सक्रिय साथी और छोटा भाई समान, टेल्को निवासी प्रिंस सिंह की रात्रि लगभग 2-3 बजे के बीच बुंडू - नामकुम थाना क्षेत्र के पास में सड़क दुर्घटना हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रिंस सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई है। किराये की आर्टिगा कार में सवार प्रिंस एवं उनके परिवार के सदस्य बिहार जा रहे थें। मालूम हो कि देर रात में ही प्रिंस की दादी का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उक्त सभी बिहार जा रहे थें। मृतक प्रिंस के चाचा अभिनव सिंह, खड़ंगाझार निवासी हैं और झामुमो नेता हैं। इस अप्रिय दुर्घटना में प्रिंस का आकस्मिक निधन हमारे लिए अपूर्णीय क्षति है।

### मौलाना अंसार खान ने विभाग से मिलकर फटे पाइप का किराया मरम्मत



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह समाज सेवी अंसार खान ने पीएचडी विभाग के द्वारा जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 में सप्लाई पानी के फटे हुए पाइप को ठीक कराया गया। अंसार खान ने बताया बस्ती से काफी लोगों शिकायतें आरही थी। रोड पर हजारों लीटर की तादाद में पानी बह रहा था जिससे बस्ती वासियों को पानी नहीं मिल पा रहा था और आने जाने वाले लोगों को भी रोड पर चलने में काफी परेशानी हो रही थी। अंसार खान ने इसकी जानकारी पीएचडी विभाग को दिया। पीएचडी विभाग के द्वारा हिमांशु मिश्रा मजदूरों को लेकर पहुंचे जो लगातार 3 दिन से काम चल रहा था जो आज पाइप को बनाया गया। इस पाइप बनने से कल से बस्ती वासियों को पानी मिलेगा। और रोड की भी हिफाजत रहेगी। आज पीएचडी विभाग से हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में मोची राम, सुभाष महतो, उपेंद्र यादव, उत्तम दत्ता और पाइप बनाने वाले मोहम्मद रहमान को लेकर पहुंचे। पाइप बनने से बस्ती वासियों ने पीएचडी विभाग और अंसार खान का तह दिल से शुक्रिया अदा किया।

### झारखंड आंदोलनकारी नागपुरी-पंचपरगनिया कवि गीतकार विपिन बिहारी मुखी के पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजीत

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा 10 नवंबर मुखी बस्ती सामुदायिक भवन में जागो संगठन एवं मुखी समाज सिदगोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी सह नागपुरी-पंचपरगनिया कवि गीतकार स्वर्गीय विपिन बिहारी मुखी के पुण्यतिथि पर एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दो घंटे में 18 यूनिट रक्त संग्रह ब्लडबैंक जमशेदपुर के द्वारा किया गया है एवं जारी है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायका श्रीमती पूर्णिमा साहु शामिल हुई। साथ ही मुखी समाज सिदगोड़ा के अध्यक्ष संदीप मुखी, पूर्व अध्यक्ष त्रिनाथ मुखी, विपिन बिहारी मुखी के पुत्र सुभाष मुखी समाज सेविका पुनिता मुखी, अमुल्यो कारूवा तथा जागो संगठन के अध्यक्ष सुमंत मुखी, संतोष मुखी, जोलेश मुखी, राजू मुखी, संजु मुखी, रमेश मुखी आदी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### मंत्री दीपक बिरुवा का त्रिशानु राय ने किया स्वागत

**चाईबासा ।** हेमंत सोरेन के सरकार में चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित) और परिवहन विभाग , झारखण्ड सरकार के मंत्री बनने के बाद शनिवार को चाईबासा आगमन पर सुफलसाई चौक में कांग्रेस आरजीपीआरएस प्रदेश महासचिव त्रिशानु राय ने मंत्री दीपक बिरुवा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दिया । मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि झारखण्ड राज्य में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।

### अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान में चार ट्रैक्टर जप्त

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के जिला खनन पदाधिकारी का टीम द्वारा लगातार अवैध बालू के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अवैध बालू का परिवहन के खिलाफ लगातार धर पकड़ के बावजूद भी बालू माफिया सड़क के अगल बगल निगरानी कर सैकड़ों ट्रैक्टर द्वारा बालू का अवैध धंधा किया जा रहा है। बालू माफियाओं द्वारा प्रशासन को चुनौती देते हुए अंचल कार्यालय ईचागढ़ व ईचागढ़ थाना के आगे से सैकड़ों ट्रैक्टर से अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है। वहीं ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर झाडुआ गांव के पास खनन विभाग के टीम द्वारा चार बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया। चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि छापेमारी टीम द्वारा बालू लदे ट्रैक्टरों को रोकते ही कुछ ट्रैक्टर भाग गया। खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। ट्रैक्टर से जारगोडीह बालू घाट से बालू लेकर जा रहा था, जहां झाडूंआ के पास चार बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर ईचागढ़ थाना ले जाया गया। ट्रैक्टर जप्त होने से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। खनन निरीक्षक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारों ट्रैक्टर को जप्त कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# मानगो नगर निगम अपनी कार्यप्रणाली सुधारे:सरयू राय

## निगम के उप नगर आयुक्त और उनके मातहतों संग समीक्षा बैठक में श्री राय ने दिए कई निर्देश

- **67 खाली पदों को लेकर सरयू हुए नाराज**
- **डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान का क्षेत्र विस्तार हो**
- **कॉलोनियों और बहुमंजिली इमारतों के बारे में स्पष्ट नीति बनाई जाए**



संवाददाता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त सुरेश प्रसाद यादव एवं उनके करीब एक दर्जन अधीनस्थ अधिकारियों के साथ एक बैठक की और मानगो नगर निगम के कर्यो की समीक्षा की। श्री राय ने मानगो नगर निगम की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार करने की आवशयकता पर बल दिया।

समीक्षा के दौरान निगम के अधिकारियों ने श्री राय को जानकारी दिया कि मानगो नगर निगम में पदाधिकारियों और कर्मियों के कुल 103 पद सृजित है और इन पदों के विरूद्ध केवल 36 कर्मी ही कार्यरत है। इन 36 कर्मियों में से करीब एक दर्जन कर्मी दैनिक मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे हैं।

श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि 103 सृजित पदों में से 67 पदों का खाली रहना चिन्ता का विषय है और इससे मानगो नगर निगम की कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है।

श्री राय ने मानगो नगर निगम में पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, सफाई एवं स्ट्रीट लाईटों के विषय में जानकारी ली तो पता चला कि पेयजल की व्यवस्था पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कर रहा है, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था ईईएसएल नामक संस्था कर रही है और सफाई की व्यवस्था पूरी तरह आउटसोर्सिंग पर निर्भर है। इन आउटसोर्सिंग संवेदकों का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है और ये अवधि विस्तार के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।

विधायक सरयू राय ने निगम के पदाधिकारियों से कहा कि मानगो नगर निगम में डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान का क्षेत्र विस्तार होना चाहिए। कॉलोनियों और बहुमंजिली इमारतों के बारे में एक स्पष्ट नीति नगर निगम को बनाना चाहिए, ताकि निगम क्षेत्र के निवासियों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

श्री राय ने सुझाव दिया कि नालियों की सफाई एवं सफाई से निकले कचरे का उठाव तथा सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम समन्वित तरीके से होना चाहिए। इसमें कार्यरत श्रमिकों को दूरी के हिसाब से रोजाना का काम देना चाहिए, ताकि सफाई की जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके। नालियों से निकलने वाले कचरों का उठाव उसी दिन कर लिया जाना चाहिए।

बैठक में मौजूद नगर निगम के पदाधिकारियों ने बताया कि मानगो नगर निगम में पथों की लम्बाई 245.57 किलोमीटर, नालियों की लम्बाई 245.57 किलोमीटर और ढंके हुए नालियों की लम्बाई 51.55 किलोमीटर है।

श्री राय ने कहा कि एक व्यक्ति एक दिन में कितनी लम्बाई तक नालियों की सफाई कर सकता है और सड़कों पर झाड़ू दे सकता है, उसके हिसाब से श्रमिकों की संख्या तय की जाय और सफाई पर होने वाले खर्च का बजट बढ़ाया जाय।

मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने श्री राय को बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 35 हाईमास्ट लाईट लगे हुए हैं और कुल 5527 स्ट्रीट लाईट लगे हुए है, परन्तु अधिकांश स्ट्रीट लाईट बंद हैं। इसका कारण यह है कि ईईएसएल एजेंसी समझौते के अनुरूप काम नहीं कर रहा है।

श्री राय को बताया गया कि निगम क्षेत्र में कुल स्ट्रीट वेंडरों की संख्या 2875 है, परन्तु इनके स्थान सुव्यवस्थित नहीं है।

श्री राय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी स्ट्रीट वेंडर हैं, उन्हें स्थायी स्थान की सुविधा प्रदान की जाय और इन्हें बाजार लगाने के लिए जगह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही मानगो बाजार समिति के संबंध में कृषि बाजार समिति के साथ नगर निगम के अधिकारी बैठक करें और बाजार की स्थिति सुधारने की कोशिश करें।

नगर निगम के अधिकारियों ने श्री राय को आश्वस्त किया कि वे नगर निगम के एक भाग को पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर इन्दौर आदि विकसित नगर निगम के तर्ज पर कार्य करने की व्यवस्था करेंगे।

श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि मानगो नगर निगम की स्थिति बेहतर बनायें। ऐसा नहीं कि निगम केवल होल्डिंग टैक्स वसूलने पर जोर दे और सुविधा नदारद हो। ऐसी स्थिति में आम जनता का आक्रोश बढ़ेगा। इसलिए यह आवशयक है कि विकसित नगर निगम कि कार्य प्रणाली का अध्ययन करके उसी आधार पर कार्य प्रणाली मानगो नगर निगम में भी विकसित की जाय।

## जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन एनजीटी को कर रहा गुमराह, एनजीटी के निर्देश का अवमानना का दर्ज हो केस : सरयू राय

संवाददाता।



**जमशेदपुर।** सोनारी मैरीन ड्राइव कचरा डंपिंग स्थल से कचरा निष्पादन पर जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन द्वारा एनजीटी के समक्ष शपथ पत्र देने के बावजूद कोई ठोस कारवाई नहीं हुई है। जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन एनजीटी को गुमराह कर रहा है। कचरा डंपिंग स्थल पर विगत दो-तीन दिनों से आग जलने की सूचना पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक श्री सरयू राय डंपिंग स्थल पहुँचे। यहाँ उन्होंने देखा कि कचरा डंपिंग के एक छोर पर आग जल रहा था जिसे तुरंत पानी डालकर बुझाया गया था। स्थानीय नागरिकों ने माननीय विधायक से शिकायत किया कि इसके पूर्व भी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय प्रशासन द्वारा कई बार यहाँ के स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया कि कचरा डंपिंग से संबंधित समस्या का जल्द निवारण कर लिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री की विफलता के बाद जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रहते सरयू राय ने इस मामले को एनजीटी के न्यायालय में अधिवक्ता संजय कुमार उपाध्याय के माध्यम से ले कर गये। एनजीटी के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया था कि इस समस्या का अतिशीघ्र निवारण कर दिया जाएगा। इसके बावजूद पुनः कचरा में आग जलने की शिकायत आ रही है। इसके धुएँ से स्थानीय लोग परेशान हो गये हैं और नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। स्थानीय नागरिकों से मिलने के पश्चात विधायक सरयू राय ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे अब यहाँ से विधायक हैं, इस मामले को वे पुनः एनजीटी में ले कर जाएंगे। जमशेदपुर अक्षेस एवं जिला प्रशासन इस मामले के निष्पादन में रूचि नहीं ले रहा है इसलिए इनपर एनजीटी के आदेश का अवमानना का केस दर्ज होना चाहिए।

इस अवसर विधायक सरयू राय के साथ मुकुल मिश्रा, धर्मेन्द्र प्रसाद, नीरज सिंह, सुप्रियो घोष, तारू मुंडा, बी के पंडित, राहुल तिवारी, उत्तम कुमार, डॉ. घोष, चुन्नु भूमिज, अशोक, लालु कुमार, अतुल सिंह, कैलाश सिंह, संजीव सिंह, विजय राज, बुद्धेश्वर कर्मकार, बाबु सिंह, नरेश बागती, सिद्धार्थ अधिकारी के साथ ही काफी संख्या में स्थानीय नागरिकगण मौजुद थे।

## उपायुक्त के निदेशानुसार कृषि पदाधिकारी ने बाजार समिति का किया औचक निरीक्षण

- **आलू बिक्री सुविधा केंद्र का लिया जायजा, दिए आवशयक दिशा निर्देश**



जिले में आलू की जमाखोरी व कालाबाजारी नहीं हो तथा जिलेवासियों को उचित मूल्य पर आलू उपलब्ध हो इस बाबत जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार कृषि बाजार समिति, परसडीह में आलू की बिक्री के संबंध में कृषि पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया है कि प्रशासन के तरफ से खोले गए आलू बिक्री सुविधा केन्द्र सुचारू रूप से कार्यरत है। सुविधा केंद्र के माध्यम से बंगाल आलू 36 रूपये प्रति किलोग्राम एवं यू०पी० आलू 25 रूपये प्रति किलोग्राम आमजन के लिए उपलब्ध है । निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बंगाल आलू के अलावे यू०पी० आलू की कई गाड़ियां अनलोड के लिए खड़ी थी। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में आलू की कोई कमी नहीं है, राज्य सरकार के निर्देशानुसार बंगाल आलू के अलावे भी दूसरे राज्य से आलू मंगाया जा रहा है, साथ ही जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही, किसी भी प्रकार के खाद्यान की कालाबाजारी व जमाखोरी के विरुद्ध दोषियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। सभी आमजन से भी उन्होंने अपील किया कि ग्राहक सेवा केन्द्र से उचित मूल्य पर आलू की खरीदारी करें । निरीक्षण के दौरान कृषि निरीक्षक व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## अगले तीन साल में भारत बनेगी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : धर्मेंद्र प्रधान

**एक्सएलआरआइ के होमकमिंग 2024 का उद्घाटन सह प्लैटिनम जुबली समारोह का हुआ समापन**

संवाददाता।





एक्सएलआरआइ की स्थापना के 75 साल पूरे होने के अवसर पर पिछले एक साल से प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया जा रहा था. शनिवार की शाम इसके समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे. उन्होंने टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर सबेस्टियन जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एडमिन प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की. इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एक्सएलआरआइ देश की सबसे पुरानी बिजनेस स्कूल है. इस बिजनेस स्कूल ने ना सिर्फ मल्टीनेशनल कंपनियों को बल्कि देश को भी लीडरशिप दिया. श्री प्रधान ने कहा कि एक्सएलआरआइ की स्थापना में टाटा स्टील की अहम भूमिका है. उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बढ़ रही इकोनॉमी है. कहा कि भारत अभी फिलहाल अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में पांचवें पायदान पर है, लेकिन जिस प्रकार से देश की इकोनॉमी बूम पर है, उससे दो-तीन साल में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी हो जाएगी. कहा कि पहली औद्योगिक क्रांति के इस दौर में भारत गुलामी में थी, इसलिए कुछ समझ में नहीं आया. दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौर में हम मजदूर बने, तीसरे औद्योगिक क्रांति के दौर में भारत सुपरवाइजर बना जबकि अब चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में भारत को मालिक बनने का समय आ गया है. इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लीडरशिप पर विश्वास जता रहे हैं. उनके एक आ''ान पर देश के एक करोड़ लोगों ने गैस सब्सीडी छोड़ दी. श्री प्रधान ने देश के लोगों को गिवबैक करने की बात कही. इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया.

- **इन पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को मिला अवार्ड**

- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड - जैकब वर्गिस, चीफ इंटीग्रेटर, बायराजू फाउंडेशन
- एकेडमिक अवार्ड - प्रो. के. शिवारामाकृष्णन, प्रोफेसर अकाउंटिंग, राइस यूनिवर्सिटी
- अलायड फिल्ड अवार्ड - संस्थापक सह सीइओ, केयरगिवर साथी फाउंडेशन और गौतम सेन- वाइस प्रेसिडेंट-एक्सर्टनल रिलेशंस, फीवा फेडरेशन
- इंटरप्रेन्योर अवार्ड- को फाउंडर एंड डायरेक्टर, अविना होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
- यंग अचीवर्स अवार्ड- राहुल सांघवी, एमडी एंड पार्टनर, बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप
- प्रैक्टिसिंग मैनेजर अवार्ड -

1. डॉ आशीष चांद, प्रेसिडेंट एंड सीइओ बेल्डन आइएनसी
2. अथर शाहाब
3. बिजो कुरियन, चेयरमैन, रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया
4. ब्रजेश बाजपाई, कॉमर्शियल डायरेक्टर, वोडाकॉम ग्रुप

## दृष्टि सेवा महा अभियान के तहत आनंद मार्ग ने पूर्णिमा नेत्रालय में 8 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण करवाया




**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से दृष्टि सेवा महा अभियान के तहत आनंदआनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं(डी.बी.सी.एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से लगभग 30 लोगों का आंखों का जांच हुआ 8 मोतियाबिंद चिन्हित हुए। जो रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए उनका मोतियाबिंद मेच्योर्ड हो चुका था,रोगियो का पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया। रोगियों को दवा एवं चश्मा देकर घर पहुंचा दिया गया। 12 दिसंबर बृहस्पतिवार को आनंद मार्ग जागृति, गदरा शिव मंदिर के पास आंखों की बीमारी के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

## परियोजना निदेशक आईटीडीए की अध्यक्षता में हुई शहरी क्षेत्र के जलस्रोतों के संरक्षण एवं अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता।



**जमशेदपुर।** शहरी क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं शहरी नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति किये जाने के संबंध में टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जलस्त्रोतों को अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने एवं उनके संरक्षण को लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई । एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार व नगर निकायों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में संबंधित जलस्त्रोतों का इनके मूल नक्शे के आधार पर 3 माह के अन्दर आकार चिन्हित करते हुए तथा इसके आस-पास की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में अंचल अधिकारी, मानगो, जमशेदपुर एवं चाकुलिया को रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया गया । तथा, रिपोर्ट के आधार पर जलस्त्रोतों की भूमि तथा इसके आस-पास की सरकारी भूमि पर पाये जाने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया । जलस्त्रोतों के आसपास के क्षेत्र में पाये जाने वाले अतिक्रमण को झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 एवं झारखण्ड भवन निर्माण उपविधि 2016 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

परियोजना निदेशक द्वारा निदेश दिया गया कि यदि किसी जलस्त्रोत की भूमि या इसके आस-पास की सरकारी भूमि की अवैध बन्दोबस्ती/जमाबन्दी करा ली गयी हो तो इस प्रकार के अवैध बन्दोबस्ती के विरूद्ध टास्क फोर्स द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए बन्दोबस्तीधारी एवं जमाबन्दीधारी को बेदखल किया जाना है । शहरी क्षेत्र के सभी जलस्त्रोतो में ठोस एंव तरल अपषिष्ट पदार्थ के प्रवाह दंडनीय अपराध है, इस बाबत झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया । साथ ही, कोई जलस्त्रोत सूखने के कगार पर है एवं इसके लिए अपेक्षित जलभराव क्षेत्र उपलब्ध नहीं है और ऐसे जलस्त्रोत के आस-पास के निजी भूमि के अधिग्रहण से इन जलस्त्रोतों का संरक्षण संभव हो, तो आस-पास की निजी भूमि को अधिग्रहित करने की लागत निर्धारित कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रांची को स्पष्ट कार्य योजना के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराये जाने पर विमर्श किया गया । बैठक में अतिक्रमण मुक्त कराये गये क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन किये जाने पर भी चर्चा की गई ताकि दोबारा अतिक्रमण होने पर इसे आसानी से चिन्हित किया जा सके एवं इसे अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु जबाबदेही निर्धारित किया जा सके ।

बैठक में उप नगर आयुक्त जेएनएसी श्री कृष्ण कुमार एवं मानगो नगर निगम श्री सुरेश यादव, कार्यपालक दण्डाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा, कार्यपालक पदाधिकारी चाकुलिया नगर पंचयात एवं जुगसलाई नगर परिषद उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## बोर्ड की बैठक में विधायक ने विकास पर दिया जोर



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी शनिवार को कैंटोनमेंट बोर्ड की बैठक में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विकास योजनाओं पर जोर दिया। बैठक में सबसे पहले ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने विधायक ममता देवी का स्वागत किया। साथ ही छावनी क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक ममता देवी ने छावनी परिषद क्षेत्र के सभी आठ वार्डो में विकास कार्यों को गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छावनी क्षेत्र की सड़क, नालियों और सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस मौके पर छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी अनंत प्रकाश मौजूद थे। बोर्ड मीटिंग में छावनी परिषद क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं का निदान करने की बात कही गई। आचार संहिता के दौरान लंबित पड़े आय व्यय के ब्योरे को अधिकारियों ने देखा और उसे सहमति प्रदान की। इसके अलावा 10 लोगों के मकान का नक्शा भी पारित किया गया।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में फिट इंडिया के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हजारीबाग।** भारत सरकार का फिट इंडिया वीक सेलिब्रेशन के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शनिवार को विभिन्न विभागों में जागरूकता अभियान का संचालन किया गया। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ उमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अभियान आयोजित किया गया।विश्वविद्यालय के हिंदी, उर्दू, अंग्रेज़ी, भूगोल, भौतिकी और भूविज्ञान विभागों के साथ अर्थशास्त्र विभाग के फिट इंडिया स्वयंसेवक विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम में अलग-अलग विभाग के लगभग 500 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को फिट इंडिया एप के उपयोग के लिए प्रेरित करना था। बड़ी संख्या में छात्रों ने इस एप को डाउनलोड कर अपनी फिटनेस को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।यह अभियान छात्रों और शिक्षकों के बीच फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इस अभियान में अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प, आरती मेहता, पल्लवी कुमारी, अदिति मिश्रा, संतोष पंडित तथा अन्य उपस्थित थे।

## टेंडर कमीशन मामले में झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 12 के खिलाफ आरोप गठित



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया गया है। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को आरोपितों पर आरोप गठित किया। इससे आरोपितों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मामले के आरोपितों को उनके ऊपर लगे आरोपों के बारे में कोर्ट ने पूछा। इस पर आरोपितों ने कहा कि मामले में वह निर्दोष हैं। इसके बाद अदालत ने आरोप गठित कर दिया। मामले में अब ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जाएगा। आरोप गठन के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका कोर्ट में मौजूद थे। मामले में आलमगीर आलम, वीरेंद्र राम, उसकी पत्नी राज कुमारी, भाई आलोक रंजन, पूर्व मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल, उसका नौकर जहांगीर आलम, मुकेश मित्तल, ताराचांद, नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया सहित 12 पर आरोप गठित किया गया। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर-ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से लगभग 32.30 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।

## प्रदेश कांग्रेस का आभार समागम 21 को

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आभार समागम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि 21 दिसंबर को चिरौंदी स्थित गीतांजली बैंक्विट हॉल में आभार समागम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। सोनाल ने कहा कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर, सांसद सह प्रभारी डॉक्टर सिरीबेला प्रसाद सहित विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक तारीक अनवर, बीके हरिप्रसाद, मोहन मारकम भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि समागम में एआईसीसी सदस्य, प्रदेश प्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष, अग्रणी संगठन के अध्यक्ष, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। सोनाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं और नेताओं की मेहनत के कारण झारखंड में पुनः सरकार की वापसी दमखम के साथ हुई है।

# झारखंड में मौसम का उतार-चढ़ाव, 10 से बढ़ेगी ठंड



**रांची।** झारखंड में ठंड का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह और शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। राज्य में शनिवार को मौसम साफ रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहा जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की अनुमान है लेकिन रविवार से ठंड बढ़ सकती है। इसकी वजह है कि कई इलाकों में बारिश की संभावना जतायी गयी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी और इससे सटे कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जिन इलाकों में बारिश के आसार हैं उनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा और रांची जिला शामिल हैं। नौ दिसंबर को भी हल्की वर्षा की संभावना जतायी गयी है। आने वाले दो से तीन दिनों में मौसम में बदलाव आ सकता है। न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी। कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की संभावना बन रही है। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों पर एक सर्कुलेशन बन रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और सर्कुलेशन मिलकर मौसम का मिजाज बदलेगा। देश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के साथ बारिश हो सकती है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि आज से बादल रहने की संभावना है। आठ और नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। दस दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है। सुबह में कोहरा रहेगा, जिससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

## केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी करने वाले चार साईबर अपराधी गिरफ्तार




**जामताड़ा।** जामताड़ा साइबर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक जयंत तिर्की के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर जामताड़ा थाना क्षेत्र के पांडेडीह गांव से दो साइबर अपराधी बाबूचांद दास एवं निताई दास तो वहीं नारायणपुर थाना क्षेत्र से विक्रम रक्षित एवं सपन रक्षित दोनों ग्राम मदानाडीह से साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में सपन रक्षित पूर्व में भी साइबर अपराध मामले में जेल जा चुके हैं। जामताड़ा साइबर पुलिस को छापेमारी के दौरान गिरफ्तार अपराधियों से 16 मोबाइल फोन, 18 सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड, 5 आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, तीन वोटर कार्ड और दो पासबुक भी बरामद किया गया है। यह सभी साइबर अपराधी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के लोगों को फर्जी बंधन बैंक का अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट एवं एटीएम कार्ड से संबंधित गोपनीय नंबर की जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे। वही गिरफ्तार सभी शातिर साइबर अपराधियों को साइबर अपराध थाना में कांड संख्या 73/ 24 दर्ज कर विभिन्न धाराओं में न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को मिली जमानत



**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की दायर जमानत याचिका पर रांची के धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पूजा सिंघल को कोर्ट ने राहत देते हुए दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत देने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा। इससे पहले अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नए कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि बीएनएस की धारा 479 के तहत कोई आरोपित, जिसका पहला अपराध है और उस धारा में होने वाली अधिकतम सजा का एक तिहाई अंडर ट्रायल में काट चुका है तो वह आरोपित जमानत का हकदार होगा। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पूजा सिंघल को 11 मई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

## आर्डियर अस्पताल गोमिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 151 मरीजों की जांच की गई

संवाददाता।



**गोमिया।** गोमिया के आइइएल स्थित आर्डियर अस्पताल में शनिवार को मेडिकेंट हॉस्पिटल एंड रिचर्च सेंटर बोकारो के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन आइइपीएल गोमिया के सीनियर मैनेजर (मैनुफैक्चरिंग सेंटर) अभिषेक विश्वास, शी मैनेजर रागिब साबरी एवं अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रशांत शेखर पात्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश रजक एवं डॉ नवल किशोर रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं मरीजों की जांच डॉ विवेक कुमार, डॉ यूजी रसूल, डॉ प्रेरणा वर्धन, डॉ आलोक कुमार सिंह एवं डॉ पीके नायक ने किया। शिविर में 151 मरीजों की जांच की गई। वहीं 22 ईसीजी,10 एक्सरे एवं 150 लोगों के ब्लड शुगर की जांच की गई और निःशुल्क दवा दिया गया। वहीं मरीजों को संबंधित चिकित्सकों द्वारा उचित सलाह भी दिया गया। मौके पर अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बंदिता प्रधान, प्रशासनिक पदाधिकारी आशीर्वाद कुमार सहित गंदौरी राम, चंदन पासवान सहित स्वास्थ्यकर्मी बिनोद, आश्रिता,डेजी, रोज,गुंजन, पॉल ,जयशंकर,शैलेंद्र,शोभा,संदीप,दिनेश,परमानंद आदि उपस्थित थे।

## पलामू में पीडीएस डीलर ने राशन उठाव में की गड़बड़ी, पांकी विधायक ने उपायुक्त से की शिकायत



**पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के सगालीम के पीडीएस डीलर नंददेव बैठा पर राशन घोटाला करने का संगीन आरोप लगाया है। विधायक डॉ. मेहता ने शनिवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर डीलर पर कार्रवाई की मांग की मांग की। विधायक ने कहा कि सगालीम गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने डीलर नंददेव बैठा के खिलाफ उनसे मिलकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि डीलर नंददेव डबल राशन कार्ड का लाभ उठाने के साथ साथ मृत कार्डधारियों के नाम पर राशन का अवैध उठाव कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से डीलर नंददेव ने दर्जनों मृत लाभुकों के नाम राशन का गबन किया है। डीलर ने अपने नाम पर लाल कार्ड (202002674407) बना रखा है। डीलर के लाल कार्ड में चार सदस्य नंददेव बैठा, राकेश कुमार रजक, बिंदु कुमारी और सरिता भारती के नाम अंकित हैं। राशन कार्ड में डीलर नंददेव बैठा के पिता का नाम जितेश्वर सिंह लिखा हुआ है। इसी तरह सविता भारती के पिता का नाम गोपाल प्रसाद है। डीलर के पुत्र राकेश कुमार रजक के लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद उनके नाम से अलग अंत्योदय राशन कार्ड (202005563377) बनाकर राशन का उठाव किया जा रहा है। इसी तरह राकेश कुमार प्रजापति का भी डबल राशन कार्ड बनाकर डीलर द्वारा राशन गबन किया जा रहा है। राकेश कुमार प्रजापति के लाल कार्ड (202002674102) में नाम पहले से दर्ज है और राशन का उठाव भी किया जा रहा है। लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद डीलर नंददेव बैठा ने राकेश कुमार प्रजापति के नाम अंत्योदय पीला राशन कार्ड बनाकर अवैध तरीके से राशन उठाव कर रहे हैं। इस तरह के कई ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका डबल राशन कार्ड बनाकर डीलर राशन गबन कर रहे हैं। विधायक डॉ. मेहता ने बताया कि दाखो कुंवर पति स्वर्गीय बिनेश्री मांझी (202005563436), रामधारी पासवान, ईश्वरी पासवान (202002674422), जगेश्वर सिंह, जवाहिर साव (202005573052), केश्वर सिंह- हरिचरण सिंह (202002674428) समेत एक दर्जन से अधिक मृत व्यक्ति के नाम पर हर माह राशन का उठाव डीलर द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा विधायक ने डीलर पर कम राशन वितरण करने का भी आरोप लगाया है। विधायक ने बताया कि डीलर निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण करते हैं। लाल कार्डधारी को प्रति यूनिट पांच किलो की जगह साढ़े चार किलो और पीला कार्डधारी को 35 की जगह 28 और 30 किलो राशन वितरण करते हैं। चना दाल वितरण में लाभुकों से अवैध पैसे की वसूली डीलर द्वारा की गयी है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो डीलर उसे राशन कार्ड से नाम हटाने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। विधायक ने बताया कि डीलर नंददेव पर कई बार राशन घोटाला करने का आरोप लग चुका है। विधायक ने पलामू उपायुक्त से डीलर पर सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में डीलर गरीबों को हक मार रहे हैं, इससे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। डीलरों की मनमानी अब नहीं चलेगी। कार्डधारियों का पूरा राशन देना होगा। इधर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

## लोगों की समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त



**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कक्ष में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से क्रमवार फायर सेफ्टी, साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय की साफ-सफाई, लिफ्ट एवं अन्य सम्बंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी वरीय पदाधिकारियों को आई कार्ड देते हुए उन्हें विशेष रूप से कहा कि जन शिकायतों को प्राथमिकता दें। सभी अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मी समाहरणालय में आई कार्ड लगाकर आएं। सभी अधिकारी और कर्मी कार्यालय समय पर पहुंचे। सभी को समय का पालन करना अति आवश्यक है। उपायुक्त ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिए गए उत्तरदायित्व का पालन अच्छे से करें। सभी कार्यों का निष्पादन सही समय से करें। उन्होंने विशेष से रूप से कहा कि लोगों के समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी हालत में कोताही नही बरतें। लोगों की जिला प्रशासन से बहुत सारी अपेक्षाएं एवं उम्मीदें हैं, उन पर खरा उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और जमीनी स्तर पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उतारना हम सब संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

## कोयला तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, गाड़ी जब्त, 4 तस्कर गिरफ्तार




**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र में कोयला तस्करों की सक्रियता लगातार पुलिस को चुनौती दे रही थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार के द्वारा बनाई गई क्यूआरटी टीम ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर कोयला तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। रजरप्पा थाना क्षेत्र से कोयला लादकर गोला थाना क्षेत्र से पास कर रहे कोयला लदी गाड़ियों को जप्त किया गया और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की पुष्टि रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और यह बड़ी सफलता मिली है। छापेमारी के दौरान गोला थाना के भैरवी पुल के समीप कांटा घर से अवैध कोयला लदा पिकअप वैन (जेएच 01 एटी 6531) को जब्त किया गया। साथ ही साथ इस कारोबार को संचालित कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद स्पेशल टीम ने जप्त गाड़ी और गिरफ्तार तस्करो को गोला पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद स्पेशल टीम द्वारा रजरप्पा थाना क्षेत्र के मंदिर घाट के समीप छापेमारी की गई जहां पर भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया गया। साथ ही साथ इन कोयला को वजन करने के लिए वेट मशीन को जप्त किया। छापमारी संपन्न होने पर इसकी सूचना रजरप्पा पुलिस को दी गई।

**रजरप्पा और गोला थाना प्रभारी पर हो सकती है कार्रवाई**-बीते कई दिनों से रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से लगातार कोयला तस्करी की सूचना मिला रही थी। इन थाना क्षेत्र से अवैध कोयले का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। एक लम्बा सिण्डिकेट इस तस्करी को अंजाम दे रहा था। इस सम्बंध मे कार्रवाई को लेकर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप और रजरप्पा थाना प्रभारी नविन प्रकाश पाण्डेय को निर्देशित भी किया था। बाबजूद इसके रजरप्पा थाना से 4 किलोमीटर की दूरी पर अवैध कोयले का उत्खनन चल रहा था। गोला थाना के बगल से इसका परिवहन पुलिस की नाक के नीचे से किया जा रहा था। एसपी की स्पेशल टीम द्वारा कार्रवाई के बाद संभावना जताई जा रही है की दोनों थाना प्रभारी पर इसकी गाज गिर सकती है।

**सिल्ली बना कारोबारी का मुख्य अड्डा**-रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र के इन अवैध कोयला को रामगढ़ रांची के बॉर्डर सिल्ली में खपाया जा रहा था। रामगढ़ सिल्ली बॉर्डर पर स्वर्ण रेखा नदी के किनारे गेरेवीर स्थित हार्ड कोक जो कि सिल्ली थाना क्षेत्र में आता है भण्डारण हो रहा था। फिर इस जगह से ट्रक में भर कर मंडी मे भेजा जा रहा है।

**रांची।**

नये विधान सभा भवन में षष्ठम झारखण्ड विधानसभा का प्रथम सत्र सभा-वेश्म, राँची में दिनांक 09.12.2024 से 12.12.2024 तक आहूत है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधान सभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्रावधि के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, राँची द्वारा बी०एन०एस०एस० की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड विधान सभा (नया विधान सभा) परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न प्रकार है :-

1- उक्त क्षेत्र में पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)।
2- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।
3- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।
4- किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना।
5- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

यह निषेधाज्ञा दिनांक 09.12.2024 के प्रातः 08:00 बजे से दिनांक 12.12.2024 के रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

## चिरकुंडा के सफाई कर्मियों का हड़ताल जारी, सफाई व्यवस्था ठप




**निरसा।** वेतन की मांग को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद के 56 सफाई कर्मी शनिवार को तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। जिससे क्षेत्र में सड़क सफाई के अलावे नाले की सफाई नहीं होने से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जीटी रोड मुख्य सड़क, नेहरू रोड, चिरकुंडा-पंचेत रोड के अलावे 21 वार्डों में पिछले तीन दिनों से सड़क सफाई के अलावे नाले की भी साफ सफाई नहीं हो रही है। कचड़ा जमा हो गया है। नाली जाम हो जाने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने कहा कि पदाधिकारी को सफाई कर्मियों के हड़ताल से काम पर वापस लाएं और क्षेत्र में सफाई कार्य सुचारु करवायें। वहीं सफाई कर्मियों ने कहा कि उन्हें नवंबर का मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है। जबतक मानदेय भुगतान नहीं किया जाता है, हड़ताल जारी रहेगा। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने सफाई कर्मियों को काम पर लौट आने को कहा। कहा कि एक सप्ताह के अंदर नवंबर का भुगतान कर दिया जाएगा। अभी कार्यालय की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है।

# राहुल को 'ग़द्दार' कहने के पीछे स्वतंत्रता आंदोलन से 'ग़द्दारी' की हीनभावना!

'संबित पात्रा का बयान बेशर्मी की इंतेहा है जो अडानी के कारोबार में हुई धाँधलियों पर सवाल उठाने को भारत के हित पर चोट बताता है। यह एक शातिर चाल भी है, जिसके तहत राहुल गाँधी को 'ग़द्दार' बताकर उनके ख़िलाफ़ एक नयी मुहिम का आग़ाज़ किया जा रहा है। राहुल गाँधी को एक बार उन्हें संसद सदस्यता से वंचित किया जा चुका है, उनकी राष्ट्रीयता पर सवाल उठाया जा रहा है और अब उन्हें ग़द्दार भी कहा जा रहा है। यह सब बताता है कि जिन राहुल गाँधी को कभी 'पप्पू' बताया जाता था, वे असल में इस सरकार के लिए कितना बड़ा ख़तरा बन गये हैं।'

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को बीजेपी नेताओं की ओर से संसद के अंदर और बाहर 'ग़द्दार' कहा जाना बताता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी अदालतों से जारी वारंट का सामना कर रहे उद्योगपति गौतम अडानी की निकटता को लेकर बढ़ते सवालों से सत्ताधारी पार्टी किस क़दर बेचैन हो रही है। विडंबना यह है कि पाँच पीढ़ियों से देश के लिए अद्वितीय क़ुर्बानियाँ देने वाले परिवार के प्रतिनिधि को उस राजनीतिक धारा की ओर से ग़द्दार कहा जा रहा है, जिसकी ग़द्दारी के दस्तावेज़ी प्रमाण मौजूद हैं।

गौतम अडानी को कई देशों में सौदा दिलाने में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पद का प्रभाव डाला, यह बात छिपी हुई नहीं है। ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, केन्या, श्रीलंका सहित कई देशों में अडानी समूह को मिली कई परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट भूमिका अदा की जिनमें कई विवादों के घेरे में हैं या रद्द हो चुकी हैं। अडानी के कारोबार में नियम-क़ानून के उल्लंघन का सवाल हिंडनबर्ग रिपोर्ट से भी उठा था और अब अमेरिकी अदालत ने वारंट जारी करके इस पर मुहर ही लगा दी है। स्वाभाविक है कि विपक्ष के नेता बतौर राहुल गाँधी देश के हित पर 'अडानी के हित' को तरजीह देने की नीति पर सवाल उठायें। लेकिन जिस तरह से बीजेपी की ओर से उन पर पलटवार होता है, वह बताता है कि पार्टी गौतम अडानी को कोई सामान्य उद्योगपति नहीं, उनको अपना आदमी मानती है।

आधुनिक भारतीय 'राष्ट्र-राज्य' के उदय के पीछे जिस उपनिवेश-विरोधी स्वतंत्रता संग्राम का आधार है, उसमें कई विचारधाराएँ शामिल थीं। गांधीवादी अहिंसक आंदोलन के साथ-साथ समाजवादियों और



वामपंथियों का भी इस संघर्ष में भरपूर योगदान र
साझा थी
सेक्युलर और प्रगतिशील भारत का निर्माण करना चाहते थे। जहाँ धर्म, जाति, क्षेत्र, लिंग, भाषा के भेद के पार जाकर सभी को 'नागरिक' की गरिमा हासिल हो और शोषण के तमाम स्वरूपों का अंत हो। भारतीय संविधान इसी साझा सपनों का मंच बना।

लेकिन एक और धारा थी जो इस संघर्ष में अंग्रेज़ों के साथ खड़ी नज़र आयी। यह धारा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सावरकर के नेतृत्व में चली हिंदू महासभा की। इन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेज़ों के ज़ुल्म के ख़िलाफ़ या आज़ादी की माँग के समर्थन में एक लाइन का भी प्रस्ताव पारित नहीं किया। इसने महात्मा गाँधी का ही विरोध नहीं किया, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की खिल्ली उड़ाई और सुभाषचंद्र बोस की आज़ाद हिंद फ़ौज का सामना करने के लिए अंग्रेज़ी फ़ौज में भर्ती के कैंप लगवाये। अगर
ो लड़ाई में किसी को ग़द्दार
है तो इस धारा को ही कहा जा सकता है। लेकिन यह स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों की उदारता ही थी कि किसी को ग़द्दार नहीं कहा गया।

1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय जब पूरा देश उबल रहा था तब अंग्रेज़ों का साथ देने वाले आरएसएस को अगर महात्मा गाँधी 'ग़द्दार' कह देते तो यह स्वयंभू देशभक्त संगठन किसी को मुँह दिखाने के लायक़ नहीं रह जाता। ग़द्दार तो सावरकर को भी नहीं कहा गया जिन्होंने छह बार अंग्रेज़ों से माफ़ी माँगने का रिकॉर्ड बनाकर आज़ादी की लड़ाई से तौबा कर ली थी। न महात्मा गाँधी की हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने की वजह से उन्हें ग़द्दार कहा गया जबकि अदालत से संदेह का लाभ पाकर छूटने के बाद जस्टिस जीवनलाल कपूर कमीशन ने उनकी संलिप्तता प्रमाणित कर दी थी। न ही श्यामाप्रसाद मुखर्जी को ग़द्दार कहा गया जो बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बनायी गयी सरकार में मंत्री थे और 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दमन के लिए गवर्नर के सामने कार्ययोजना पेश कर रहे थे। उल्टा उन्हें नेहरू सरकार में मंत्री बनाया गया।

सच तो ये है कि संघ परिवार के जितने 'प्रातस्मरणीय' हैं उनमें किसी ने भी आज़ादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। संघ शिविर के गाँधी कहलाने वाले दीनदयाल उपाध्याय की उम्र 1947 में 31 साल की थी लेकिन कभी सड़क पर निकलकर वंदे मातरम या अंग्रेजों भारत छोड़ो नारा लगाने की हिम्मत नहीं पड़ी।

अटल बिहारी वाजपेयी 1942 में एक आंदोलन की वजह से थाने तक पहुँचे थे लेकिन केवल 'दर्शक होने' का हवाला देकर और आंदोलनकारियों की पहचान कराके वे छूट गये। स्वतंत्रता सेनानी लीलाधर वाजपेयी जीवन भर, उनके चुनाव-क्षेत्र में एक पर्चा बाँटते थे कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी की गवाही की वजह से उन्हें जेल जाना पड़ा था। आज़ादी के बाद इनमें से किसी नेता को ग़द्दार नहीं कहा गया। इन्हें विपक्ष की राजनीति करते हुए सरकार के ख़िलाफ़ किसी भी स्तर का आंदोलन चलाने की छूट थी। इन्हें बोट-क्लब में रैली करने से लेकर संसद का घेराव करने तक का मौक़ा दिया गया। ये लोग देश-विदेश में छपने वाले प्रकाशनों के हवाले से सरकार पर हमला बोलते रहे। जिस बोफ़ोर्स कांड की वजह से मि.क्लीन की छवि वाले राजीव गाँधी को सत्ता से बाहर होना पड़ा, वह भी स्वीडिश रेडियो के ज़रिए सामने आया था, पर किसी ने इसे विदेशी षड्यंत्र नहीं बताया था। राजीव गाँधी को अदालत ने क्लीनचिट दे दी है लेकिन बीजेपी के तमाम नेता आज भी इसका हवाला देते रहते हैं।

पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा फ़्रेंच मैगज़ीन 'मीडिया पार्ट' में छपी एक रिपोर्ट के आधार पर राहुल गाँधी को 'उच्च दर्जे का ग़द्दार' बता रहे हैं जबकि इस रिपोर्ट में राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी का कोई ज़िक्र तक नहीं है। द हिडन लिंक्स बिटवीन अ जाइंट ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड द यूएस गवर्नमेंट' शीर्षक से छपी इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने OCCRP (ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) नाम के एक न्यूज़ पोर्टल को फंड किया था। चूँकि इस पोर्टल ने अडानी के कारोबार पर सवाल उठाते हुए रिपोर्ट छापी थी और कहा था कि अडानी ग्रुप ने गुपचुप तरीके से खुद अपने शेयर खरीदकर लाखों डॉलर का निवेश किया तो संबित पात्रा की नज़र में इस पोर्टल ने भारत को अस्थिर करने की कोशिश की है। उनकी देशभक्ति की समझ ये है कि जो लोग भी अडानी के कारोबार पर सवाल उठाते हैं वे भारत को अस्थिर करना चाहते हैं। इस लिहाज़ से जॉर्ज सोरोस और राहुल गाँधी एक साथ खड़े हैं।

यह तर्क-प्रक्रिया पर न हँसा जा सकता है, न रोया। OCCRP को केवल जॉर्ज सोरोस को 'ओपन सोसायटी फ़ाउंडेशन' ने ही फंड नहीं दिया, अमेरिका की कई एजेंसियों ने भी साधन मुहैया कराये हैं। इनमें कुछ सरकारी एजेंसियाँ भी हैं। तो क्या संबित पात्रा कह सकते हैं कि अमेरिकी सरकार भारत विरोधी षड्यंत्र में शामिल है। अगर ऐसा हो तो अमेरिकी सरकार को दुश्मन देश घोषित करना चाहिए। क्या मोदी सरकार यह हिम्मत करेगी? 94 वर्षीय जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी अरबपति हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति तमाम ऐसे प्रकल्पों के लिए दान दी है जो दुनिया के तमाम देशों में लोकतंत्र के लिए काम करते हैं। वे डोनाल्ड ट्रंप से लेकर नरेंद्र मोदी तक के आलोचक हैं क्योंकि उनकी नज़र में ये नेता लोकतांत्रिक नहीं हैं। बीजेपी की नज़र में चूँकि राहुल गाँधी भी नरेंद्र मोदी पर अलोकतांत्रिक होने का आरोप लगाते हैं लिहाज़ा दोनों एक हैं।

संबित पात्रा का दावा है कि जो फंड करता है, मीडिया को उसके हित में ही बात करनी पड़ती है। यह मोदी के दौर के भारत का सच है। दुनिया भर में बहुत सी समाचार एजेंसी और संस्थान हैं जो विभिन्न स्रोतों से आर्थिक सहयोग लेते हैं लेकिन स्वतंत्र पत्रकारिता' करते हैं।

भारत में भी 2014 के पहले न्यूज़ चैनलों और अख़बारों को खूब सरकारी विज्ञापन मिलते थे चाहे वे सरकार का विरोध ही क्यों न करते रहे हों। विरोध में रिपोर्ट छापने वालों को आर्थिक रूप से तबाह करने की मुहिम तो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद शुरू हुई। यहाँ तक कि एनडीटीवी जैसे प्रतिष्ठित न्यूज़ चैनल के प्रमोटर डॉ. प्रणय रॉय पर तमाम आरोप लगाकर इसे अडानी को बेचने के लिए मजबूर कर दिया गया। कुछ दिन पहले सीबीआई ने अपनी फ़ाइनल रिपोर्ट में बताया है कि डॉ. रॉय पर लगाये गये आरोप झूठे थे। बीजेपी सोचती है कि जिस तरह से भारत में उसने मीडिया को अपने पाँव तले दबा लिया है, वैसे ही पूरी दुनिया में हो।

वैसे संबित पात्रा ने जिस 'मीडिया पार्ट' अख़बार का हवाला दिया है उसने ही राफ़ेल डील में रिश्वतख़ोरी की ख़बर भी छापी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि राफ़ेल विमान बनाने वाली कंपनी ने डील के लिए 65 करोड़ की घूस दी थी। रिपोर्ट में इस बात का भी दावा किया गया था कि रिश्वत के इस खेल की जानकारी भारतीय एजेंसी सीबीआई और ईडी को भी थी लेकिन दोनों खामोश रहीं। मीडिया पार्ट ने दावा किया था कि उसके पास घूस के लेन-देन के सारे सबूत हैं लेकिन भारत सरकार इसमें रुचि नहीं दिखा रही है।

संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश तो दिया था कि 26 नवम्बर तक हर हाल में महाराष्ट्र की सरकार बन जानी चाहिये, लेकिन शीर्ष अदालत की सीधी अवहेलना करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भरपूर समय लिया और समयसीमा खत्म होने के 9 दिन बाद आखिरकार गुरुवार को देवेन्द्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ उप मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी शपथ ली। ढाई साल पहले एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से अलग होकर न केवल भाजपा का साथ दिया था वरन मुख्यमंत्री पद भी पा लिया था। वहीं अजित पवार ने अपनी पार्टी राकांपा को तोड़कर उसके एक धड़े के साथ महायुति सरकार का हिस्सा बनना स्वीकार किया था। खुद फडणवीस, जो पहले दो बार मुख्यमंत्री बने थे, पार्टी के प्रति निष्ठा दिखलाते हुए इस दौरान एकनाथ शिंदे के साथ उप मुख्यमंत्री बनकर काम करते रहे। उनकी निष्ठा व धैर्य का पुरस्कार अंततः मिला और अब वे शिंदे के हाथ-पांव मारने तथा कई तरह की भाव-भंगिमाएं दिखाने के बावजूद राज्य का शीर्ष पद पाने में सफल हो गये। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिये 20 नवम्बर को मतदान हुआ था और नतीजे 23 निकले थे। इसमें भाजपा को 132 सीटें मिलीं और उसका दावा है कि 3 निर्दलीय विधायकों का भी उसे समर्थन है।

देवेन्द्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गये हैं लेकिन सारी नारें पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे पर बनी रहेंगी। इसका कारण है उनके बदले हुए तेवर। हालांकि चुनाव के पहले माना जा रहा था कि महायुति (भाजपा-शिंदे की शिवसेना-अजित पवार की एनसीपी) की जीत की गुंजाइश नहीं है लेकिन इस अप्रत्याशित जीत ने शिंदे के साथ अजित पवार के खेल को बिगाड़ दिया क्योंकि दोनों ही उम्मीद लगाये बैठे थे कि चाहे महायुति जीते या महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस-उद्धव की शिवसेना-शरद पवार की एनसीपी)- किंगमेकर वे दोनों ही रहेंगे। दोनों की उम्मीद त्रिशंकु विधानसभा से थी लेकिन अब नयी सूरत में भाजपा के अलावा किसी की नहीं चल सकती। दोनों के पास भाजपा को समर्थन देने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। अजित पवार ने परिस्थितियों को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया। ज्यादा सौदेबाजी किये बगैर उन्होंने नयी सरकार में वही पद स्वीकार कर लिया जो वे पिछली सरकार में (शिंदे के नेतृत्व वाली) सम्हालते थे।

शिंदे ने अलबत्ता शपथग्रहण के कुछ घंटे पहले तक रहस्य बनाए रखा कि वे सरकार में शामिल होंगे या नहीं। एकनाथ शिंदे ने जो तेवर दिखलाये उससे साफ है कि आगे भी वे भाजपा के लिये सरदर्द बने रहेंगे। जैसे ही तय हुआ कि भाजपा फडणवीस का नाम मुख्यमंत्री के लिए आगे बढ़ा सकती है, शिंदे बीमारी तथा चुनाव प्रचार की थकान का बहाना कर अपने सातारा स्थित गांव चले गये। दो दिनों के बाद लौटे तो उनकी नाराज़गी बरकरार थी। बुधवार की शाम फडणवीस उनके शासकीय आवास वर्षा बंगले पर गये जिसके बाद उन्होंने घोषित किया कि वे नयी सरकार को समर्थन देते रहेंगे। खुद के लिये किसी पद को लेने से इंकार कर दिया। हालांकि कहा जाता है कि उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात कर कहा कि उन्हें अगले 6 माह तक मुख्यमंत्री बना रहने दिया जाये जिसे केन्द्रीय नेतृत्व ने अस्वीकृत कर दिया, यह कहकर कि इससे भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच खराब संदेश जायेगा। शिवसेना (उद्धव) के मुखपत्र सामना में तो एक कार्टून छापा गया है जिसमें शाह के समक्ष शिंदे को गिड़गिड़ाते हुए दिखलाया गया है जिसमें शिंदे कह रहे हैं कि उन्हें इस पद पर 6 माह और रहने दिया जाये।

गुरुवार की शाम को मुम्बई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का जो आमंत्रण पत्र बांटा गया है, उसमें शिंदे का नाम गायब बताया गया। दिन भर उन्हें मनाने की तरकीबें आजमाई जाती रहीं। लोगों ने मान भी लिया; और संकेत भी यही बताते हैं कि वे उपमुख्यमंत्री बनें या न बनें, उनकी नाराज़गी बनी रहेगी क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री पद का स्वाद चख लिया है। वे यह भी जान गये हैं कि अगर वे फडणवीस के तहत उप मुख्यमंत्री बनते हैं तो उनकी गति भी अजित पवार जैसी ही होगी जो एक वक्त मुख्यमंत्री तो बनना तो चाहते थे लेकिन अब किसी भी तरह से मोल-भाव करने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिये उन्होंने अपने सांसद बेटे श्रीकांत को भी उप मुख्यमंत्री बनाने या खुद के केन्द्र में कोई पद लेने के प्रस्ताव को भी अस्वीकार कर दिया। शिंदे के 57 विधायक हैं और 7 सांसद लोकसभा में हैं। हालांकि उनके किये से केन्द्र की सरकार गिरने से रही और वहां वे कोई वैसा बड़ा खेल नहीं कर सकते जिस प्रकार से तेलुगु देसम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू या जनता दल यूनाइटेड के नीतीश कुमार कर सकते हैं जिनके क्रमशः 16 व 12 सदस्य हैं। शिंदे जो भी करेंगे महाराष्ट्र में कर सकते हैं इसलिये उन पर नज़रें बनी रहेंगी।

भाजपा के लिये शिंदे की उपयोगिता खत्म हो चुकी है। शिवसेना सांसद संजय राउत के शब्दों में कहें तो एकनाथ शिंदे का युग बीत चुका है, अब वे कभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। अब भाजपा का प्रयास यही रहेगा कि पूर्ण बहुमत पाने के लिये 142 का आंकड़ा शिंदे की पार्टी को तोड़कर ही जुटाया जाये ताकि उसकी निर्भरता उनके साथ अजित दादा पर भी न रहे। अब शिंदे के पास भाजपा को समर्थन देने के अलावा और कोई चारा भी नहीं रह गया है। जिस प्रकार से महाराष्ट्र में तोड़-फोड़कर अनैतिक तरीके से सरकारें गिराई और बनाई जाती रहीं, उसका परिणाम यही होना था कि वहां फिर से सत्तारुढ़ हुए तीनों धड़ों में जीत के बावजूद गहरा अविश्वास कायम है। जिस लिहाज से प्रमुख मंत्रालयों (खासकर गृह, वित्त एवं शहरी विकास) पर खींच-तान जारी है, उससे साफ है कि महाराष्ट्र की नयी सरकार की राह कठिन रहेगी।

# बादल पर हमला भविष्य के लिए चिंतित करने वाला



स्वर्ण मंदिर परिसर में शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल की हत्या की कोशिश ने पंजाब की राजनीति में पिछले दो दशक से धीरे-धीरे हावी हो रही धार्मिक कट्टरता के खतरनाक दौर में पहुंचने के संकेत दिए हैं। देश ने पहली बार अस्सी के दशक में धार्मिक कट्टरता के घोड़े पर सवार पंजाब के नवधनाढ्यों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को सिर चढ़ते देखा था। आजाद भारत ने पहली बार आतंकवाद का सामना किया था। साहसी, उदार और देशभक्त सिखों ने 1993 तक फिर से अपनी पकड़ बना ली। करीब 1800 जवानों की शहादत के बाद पंजाब में शांति लौटी। यह पंजाब की राजनीतिक विडंबना ही कही जाएगी कि 2007 से लेकर 2017 तक 'उदार बादल परिवार' के शासन के दौरान ही सिख कट्टरता राज्य में फिर से पैर जमाने लगी। गैर-सिख नेताओं की हत्या समेत अनेक ऐसे संकेतों को तब नजरअंदाज किया जाने लगा, क्योंकि किसी को अपनी राजनीति चमकानी थी।

पंजाब में आज का दौर ऐसा है जिसमें 1993 के बाद पैदा हुई आबादी प्रभावशाली भूमिका में है। यह आबादी सिख चरमपंथ के दौर को सिर्फ कहानियों में सुन-सुनकर बड़ी हुई है। ऐसे में कहानी सुनाने वाले की भूमिका अहम हो जाती है। इसी समय बादल परिवार के शासनकाल में कट्टरपंथियों के प्रति दिखाई गई 'उदारता' ने अहम भूमिका निभाई। बाद की सरकारों ने भी कोई खास ध्यान नहीं रखा। कांग्रेस के कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी सरकार जाते देख जरूर चरमपंथियों को मुद्दा बनाना चाहा था और इसी बहाने भाजपा से तालमेल करने की कोशिश की थी, लेकिन विफल रहे। पंजाब के किशोरों को सरकार के कथित जुल्मों की कहानियां सुनाई जा रही है। झूठ फैलाया जा रहा है कि आतंकवाद को कुचलने के लिए करीब डेढ़ लाख सिखों को मार डाला गया है, जबकि आधिकारिक तौर पर सुरक्षाकर्मियों समेत कुल 22 हजार लोग मारे गए थे। गैर-जिम्मेदार सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में कनाडा और पाकिस्तान में बैठे 'ख्याली खालिस्तान' के संचालकों के लिए भारत में नफरत की हवा बहाने का भी यह मौका हो सकता है।

पंजाब को राजनीतिक अपरिपक्वता उसे फिर से तीस साल पीछे कर सकती है। सवाल यह है कि केंद्र की एनडीए सरकार और पंजाब में आप सरकार ख्याली खालिस्तानियों की करतूतों को लगाम लगाने के लिए क्या कर सकती है, जो वह नहीं कर रही है। जनता सिर्फ सुरक्षित माहौल चाहती है। बादल पर हमले की यह घटना आतंकी के बुजुर्ग होने से ही कमतर नहीं आंकी जा सकती। यह काफी गंभीर और भविष्य के लिए चिंता पैदा करने वाली है।

# सरकारी नौकरी की बयार में छुट्टियों की बहार

व्यंग्य



आजकल अगले साल होने वाली छुट्टियों में घूमने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। पति-पत्नी दोनों सरकारी नौकरी में हों तो सोना ही सोना। पति की पोस्टिंग शहर के आसपास हो और पत्नी की पोस्टिंग घर के अड़ोस-पड़ोस में ही हो तो मानव जीवन सफल हो जाए। पोस्टिंग का प्रबंधन भी तन-मन-धन और थोड़ा मेहनत कर हो जाता है। क्या बात है जी, सरकारी नौकरी की।

हमारे यहां उन लोगों की सामाजिक रेटिंग भी कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं है। ऐसे लोग भी हैं जो यह आवाज़ उठाते रहते हैं कि सरकारी नौकरी में एक परिवार से एक ही बंदा होना चाहिए। वैसे ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में आ जाएं। निजीकरण के ज़माने में भी सरकारी नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी। छुट्टियों का खज़ाना जमा हो जाता है। वह बात दीगर है कि प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करने वालों को वास्तव में पता होता है कि छुट्टी क्या होती है और कितनी मुश्किल से मिलती है।

कई बार अगले साल होने वाली छुट्टियों की लिस्ट ज़िंदगी में बहार की तरह आती है, लेकिन इस बार आई लिस्ट ने मज़ा किरकिरा कर दिया है। बहुत दुखदायी सूचना है कि अगले साल सात सरकारी छुट्टियां रविवार को हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को होते तो कितना सुखदायक होता। और तो और, चार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आ रहे हैं। यह भी कितनी परेशान करने वाली बात है। यह ठीक है कि कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। कई त्योहारों या जन्मदिन का अवकाश शनिवार या सोमवार को रहता है तो कितना सौम्य और आरामदायक लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की तारीफ़ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है।

काफी समझदार लोगों का कहना है कि चाहे कोई त्योहार या दिवस दूसरे शनिवार या रविवार को पड़ रहा हो उसकी सरकारी छुट्टी किसी और वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार इतने काम मनमाने तरीके से करती है। छुट्टियां उचित तरीके से नहीं करती। कुछ छुट्टियों का दिन बदल दें तो वोट बैंक ही बढ़ेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। अगले साल होने वाली छुट्टियों का मज़ा तो कई गुना हो ही सकता है।

न्यूज़ अपडेट

## मंत्री बनने के बाद मधुपुर पहुंचे हफीजुल हसन, कार्यकर्ता व समर्थको के साथ रोड शो कर लोगों का किया अभिवादन



**मधुपुर।** विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक व झारखंड सरकार के जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुल हसन ने शनिवार को केला बागान स्थित अपने आवास से दर्जनों चार पहिया वाहन में सैकड़ों समर्थकों के साथ खुले वाहन से क्षेत्र भ्रमण करते हुए जीत को लेकर जनता का आभार जताते हुए अभिवादन किया।इस दौरान विभिन्न चौक चौराहा समेत मोहल्ले में मंत्री हफीजुल हसन का फूल माला पहनकर व पटाखे फोड़कर भव्य स्वागत किया।इस दौरान लालगढ़ इमामबाड़ा के पास करौं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम अशरफ उर्फ राजू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने मंत्री को बुके देकर स्वागत करते हुए बधाई दिया।बतादें कि झारखंड सरकार में मंत्री पद का शपथ लेने के बाद पहली बार मधुपुर पहुंचने के पर कार्यकर्ता और समर्थकों के द्वारा उनके मधुपुर आगमन की खुशी में जगह-जगह सम्मान व स्वागत किया। मंत्री दोपहर 1:00 बजे अपने आवास से निकलते हुए थाना मोड़,गांधी चौक, स्टेशन रोड,52 बीघा, पटवाबाद,गढ़िया मोड,खलासी मोहल्ला,डालमिया कूप,चांदमारी,लालगढ़पाथरोल,जमुनी,चरपामोड़,कजरामोड़ का आदि स्थानों का भ्रमण किया।मधुपुर के कलाम चौक पर समापन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।

## शिशु पंजी संधारण को लेकर संकुल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**मारगोमुंडा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मारगोमुड़ा में संकुल स्तरीय प्रशिक्षण शिशु पंजी संधारण को लेकर दिया गया। प्रशिक्षण में चार संकुल के सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मध्य विद्यालय मारगोमुंडा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय नोनियाद,उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजजोरी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरली पहाड़ी शामिल है।प्रशिक्षण में शिशु पंजी संधारण,यू डायस, विद्यालय विकास योजना पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शिशु पंजी क्या है,शिशु पंजी का अद्यतन क्यों किया जाता है। इसकी जानकारी विस्तार से दी गई।मौके पर कमलनाथ खवाड़े, कृष्णदेव प्रसाद,अभय कुमार आदि मौजूद थे। प्रशिक्षण के बाद शिशु पंजी एसएसडीपी,एपीएआर आईडी का सहमति पत्र वितरण किया गया है।



## शयामा प्रसाद मुखर्जी हाई स्कूल में शिक्षकों की हुई मासिक गुरु गोष्ठी



**मधुपुर।** शयामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी हुई।गुरु गोष्ठी में क्षेत्र के सभी विद्यालय के शिक्षकों को विद्यालय का संचालन सुचारू ढंग से करने,ससमय विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने,निष्ठापूर्वक कार्य करने, ई कल्याण के तहत छात्र/छात्राओं डाटा अपलोड करने,मध्याह्न भोजन नियमित रूप से चलाने के अलावा अर्धवार्षिक परीक्षा पर चर्चा हुई और इसे लेकर दिशा निर्देश दिए।इसके आलवे ई विद्या वाहिनी, बैग-पोशाक वितरण,छात्र- छात्राओं का आधार सिडिंग करवाना, छात्र-छात्राओं का बैंक खाता खुलवाने,शिक्षकों के नियमित विद्यालय आने, ई विद्या वाहिनी में शिक्षको एवं छात्रों का उपस्थिति दर्ज करना, छात्र-छात्राओं का रोजाना एसएमएस करना, कैश बुक का संधारण करना, आदि विषयों पर बारी-बारी से चर्चा की गयी।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने कहा की कोई भी शिक्षक विद्यालय अवधि में विद्यालय नहीं छोड़े।आदेश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों को कड़ी कार्यवाही की जाएगी।वैसे शिक्षकों को चिह्नित किया जा रहा है कहा कि सभी विद्यालय अपना कैश बुक रोजाना संधारण करें। रोजाना छात्र- छात्राओं का एसएमएस परियोजना कार्यालय को करने का निर्देश दिया।मौके पर बीपीओ मो ताहिर हुसैन, लेखापाल राजेन्द्र वर्मा, बीआरपी धर्मेंद्र महतो,मनोज कुमार नरौने,विनोद गुप्ता, सीआरपी अभिजित झा, असलम नजीर,आरिफ सुल्तान,रंजना कुमारी,मनोज कुमार सिंह,संजय राउत, इसाक अंसारी,राजा फरीदी आदि मौजूद थे।

## दमदमा लैंपस का जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत दमदमा लैंपस का शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने निरीक्षण किया। डीएसओ ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जो किसानों के हित में है धान अधिप्राप्ति योजना को लेकर लैंप्स सदस्य सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराने और सरकार की प्रक्रिया के माध्यम से ही धान क्रय करने हेतु निर्देश दिया गया एवं किसानों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। साथ ही नियमित रूप से लैंपस खोलने का निर्देश दिया। किसानों के बीच जाकर किसान मित्र जागरूकता अभियान चलाएं। अधिक से अधिक किसान लैंपस के माध्यम से धान की बिक्री करें। ऑनलाइन धान का पैसा किसान के खाते में भेजा जाएगा। मौके पर लैंप्स सदस्य सचिव एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शमीम अख्तर आदि मौजूद थें।

# शिकारीपाड़ा में एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**दुमका।**

शिकारीपाड़ा, दुमका में सिडबी (रांची) के तत्वावधान में दिन शुक्रवार की देर शाम एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्टोन और संबद्ध क्लस्टर पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में सिडबी की वित्तीय और प्रचार पहल, सरकारी योजनाओं पर अपडेट, बजट घोषणा, पीएम विश्वकर्मा योजना का महत्व, उद्यम पंजीकरण, मुद्रा, ओएनडीसी पंजीकरण पर प्रकाश डाला गया।
कार्यक्रम में मुकुल पी. एक्का सहायक महाप्रबंधक सिडबी रांची, संदीप कुमार डेव्लपमेंट एक्सिकिटिव सिडबी रांची, चंद्रशेखर पटेल, एलडीएम- दुमका, डॉ. मनोज कुमार घोष (सचिव चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज दुमका) सी.पी. थॉमस, उपाध्यक्ष सीईडीएआर (ईएसएएफ), अधिकारी डीआईसी- दुमका और स्टोन एंड एलाइड क्लस्टर शिकारीपाड़ा दुमका के लगभग 100 कारीगर शामिल थे।






एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), एमएसएमई के वित्त पोषण, संवर्धन और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान है, जो इस क्षेत्र को बढ़ावा देने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्षों से, सिडबी वित्त पोषण, क्षमता निर्माण और अन्य सहायता प्रदान करने के अलावा एमएसएमई क्षेत्र के मुद्दों और चिंताओं को भी संबोधित कर रहा है।
कार्यक्रम एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ संपन्न हुआ, जहां प्रतिभागियों ने एमएसएमई के बीच ऋण पहुंच और वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए नवीन दृष्टिकोणों पर चर्चा की। साथ ही इस कार्यक्रम में कारीगरो ने पत्थर से निर्मित उत्पाद को प्रदर्शित किया।

## मनरेगा योजना को लेकर पूर्व में हुए पंचायत स्तरीय सोशल ऑडिट को लेकर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई जूरी सदस्यों की उपस्थिति मे आयोजित किया गया

**संवाददाता।**

**करौ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को मनरेगा योजना को लेकर पूर्व में हुए पंचायत स्तरीय सोशल ऑडिट को लेकर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई जूरी सदस्यों की उपस्थिति मे आयोजित किया गया।इस दौरान जनसुनवाई की कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सिंपू देवी,जिला परिषद सदस्य ललन कुमार सिंह,जया राय व लोकपाल कल्पना झा द्वारा किया गया।वही प्रखंड के 14 पंचायत में 451 मुद्दे को लेकर बारी-बारी से जनसुनवाई की गई।जिसमें काफी संख्या में पूर्व में पंचायत स्तरीय में हुई जनसुनवाई में जो साक्ष्य उपस्थित करने का निर्देश दिया गया था।जिसका पालन नहीं किए जाने से संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव,मुखिया,रोजगार सेवक,कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं पदाधिकारी के ऊपर रू 1000 का जुर्माना लगाया गया।वही साल्तर पंचायत में एक योजना में रू 22000 का अवैध निकासी को लेकर संबंधित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक,मुखिया के ऊपर रू 1000 का जुर्माना लगाया गया।साथ ही मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने बताया कि लोगों के ऊपर थाने में प्राथमिक की दर्ज किया जाए।वही पंचायत






स्तरीय जनसुनवाई में 109 लोगों का जॉब कार्ड सोशल ऑडिट करने के टाइम में नहीं मिला।जिसको साक्ष्य सहित प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में बीते माह जुलाई में उपलब्ध कराने को कहा गया था।जिसको रोजगार सेवक द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण रू1000 का फाइन किया गया।वही सात दिनों के भीतर लोगों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराने को कहा गया।वही 451 योजनाओं में अनेकों योजनाएं जिला स्तरीय जनसुनवाई में भेजने का निर्णय सदस्यों द्वारा लिया गया।वही इस अवसर पर जिला के मनरेगा लोकपाल कल्पना झा कहा कि मनरेगा एक्ट में किसी प्रकार की मनमानी के लिए कार्यवाही किया जाएगा। मजदूरों के हित की अनदेखा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 3 वर्षोके मनरेगा योजना में।451मुद्दे सामने आए हैं।मनरेगा योजना में करौ प्रखंड में व्यापक धांधली हुआ है,जिसको लेकर सोशल ऑडिट में खुलासा किया गया था,इसके बाद प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में यह मामला पर विचार विमर्श किया गया है।और अनेकों योजनाएं को जिसका साक्षय पाया गया ल।उसे निष्पादित कर दिया गया।बाकी काफी संख्या में मनरेगा योजना में फाइन लगाया गया एवं अनेकों योजनाओं को जिला स्तरीय जनसुनवाई के लिए भेजा गया।ज्ञात हो कि सालतर,करौं वीरेनगाड़ियां,।बारा, बागनाडीह, पंचायत के मनरेगा योजना में व्यापक खामियां मिली है।अगर इसका उच्च स्तरीय जांच किया जाए तो अनेको कर्मी, अभियंता को जेल का हवा खाना पड़ सकता है।मौके पर जिला परिषद सदस्य ललन कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य जया राय, मुखिया प्रमिला देवी, उप प्रमुख राजेश, कुमार मंडल, डीआरपी पंचम वर्मा,बीआरपी पंकज कुमार झा,बाबूमनी मंडल, सूरजमानी ताप्ती, जेई प्रकाश यादव, बबलू प्रसाद यादव, शिव शंकर सिंह,सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं ग्रामीण प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में मौजूद थे।

## एचआईवी एड्स ,यौन संचारित रोग , विश्व एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक रैली निकाली





**संवाददाता।**

**देवघर ।** आर मित्रा उच्च विद्यालय में एचआईवी एड्स ,यौन संचारित रोग , विश्व एड्स जागरूकता अभियान के तहत आर मित्रा उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं,एन सी सी कैडर के साथ एक रैली निकाली को हरी झंडी डालसा सचिव मयंक टोपनो, प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके शर्मा, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ एम के गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संचयन, आर मित्रा उच्य विद्यालय के प्रचार्य द्वारा किया गया। रैली से पूर्व प्रार्थना सभा में सभी छात्र -छात्रों को सम्बोधित किया गया कि एड्स की शुरुआती तौर पर पहचानना कठिन होता है कि एचआईवी शरीर प्रवेश हो चुका है। असुरक्षित यौन संबंध एड्स का प्रमुख कारण है। विषय में बताया गया कि एड्स के वायरस एचआईवी किसी व्यक्ति से शारीरिक संपर्क से पहुंचत कर चुका है । असुरक्षित यौन संबंध प्रमुख कारण है। अचानक वजन कम होने लगना, तेज बुखार आना, लगातार खांसी आना ,गले जांघों में लसीका ग्रंथियों के सूजन से गांठ पड़ना। सारे शरीर में खुजली जलन होना निमोनिया टीवी स्किन कैंसर जैसी तकलीफ होने लगा तो एड्स का टेस्ट करवाने में देरी नहीं करनी चाहिए। एड्स का टेस्ट सदर अस्पताल में मुफ्त होता है। भ्रांतियां मिटा दो जमाने से ऐडस नहीं फैलता है साथ खाने से, जो सुरक्षा से दोस्ती तोड़ेगा वह एक दिन दुनिया भी छोड़ेगा, सबको एड्स के प्रति जागरूक करना है ऐड को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है, एड्स से बचाव का कर लो संकल्प इस बीमारी से लड़ने का है यही विकल्प, अपने रिश्ते के प्रति रहे वफादार नहीं बनेंगे एड्स के भागीदार, एड्स जागरूकता अभियान चलाना है एड्स पीड़ित को उचित सम्मान दिलाना है, आओ मिलकर यह कसम खाएं एड्स को हम सभी मिलकर जड़ से मिटाए, एड्स ही जानलेवा बीमारी इसे मिटाना हम सब की जिम्मेदारी। इन सब नारों के साथ शहर गुंजायमान रहा। रैली में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी प्रवीण सिंह, एस टी टी राजेश रॉय, सुधांशू पांडये, बी टी टी शंकर दयाल, कासिम,महेंद्र, सदर अस्पताल काउंसलर अंजन कुमार लैब टेक्नीशियन बबलू दास प्रभात कुमार , राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## सैद्धांतिक शिक्षा के साथ साथ संस्कार एवं मूल्यपरक शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग हो गया हैं

**संवाददाता।**

बदलते वैश्विक परिदृश्य में शिक्षा बहुआयामी सी हो गई है। सैद्धांतिक शिक्षा के साथ साथ संस्कार एवं मूल्यपरक शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग हो गया है। नित्य नई नई तकनीक जीवनी के प्रवाह को ओर गतिमय बना दिया है। ऐसे समय केवल पुस्तक की परिधि में बच्चों को बांधना उनके साथ अपराध ही होगा। इसलिए विद्यालयों का यह कर्तव्य हो जाता कि बच्चों को भारतीय संस्कार पर आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रदान की जाय। बड़े बुजुर्ग दादा दादी हों या नाना नानी या पड़ोस के अन्य सभी उस विशाल दरख्त की तरह हैं जिनकी सघन शीतल छावं में परिवार सकून पाता है और पल्लवित पुष्पित होता है। बच्चों के तो ये भगवान होते हैं जो न केवल उन्हें दुनियादारी से रूबरू कराते हैं




बल्कि पौराणिक आख्यानों से भी जोड़ते हैं और महामानव बनने की एक मजबूत बुनियाद तैयार कर देते हैं। उपरोक्त बातें स्थानीय देवघर सेंट्रल स्कूल के प्राचार्य ने ग्रैंड पेरेंट्स डे अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा।
सर्वप्रथम विद्यालय परिवार के नोनिहालो ने लघु नृत्य नाटिका के माध्यम से बच्चों के जीवन में बड़े बुजुर्गों विशेषतः दादा दादी, नाना नानी के अहम योगदानों को दर्शाया। पश्चात मोबाइल का बच्चों के जीवन में बढ़ते दुष्प्रभावों विशेषतः एकाकीपन को एक नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। रूठी हुई दादी को मनाने के लिए बच्चों ने गीत के माध्यम से दर्शाया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में पधारे देवतुल्य बुजुर्ग अविभावकों को पुनः वापस उनके बचपन में ले जाने के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। आश्चर्य की बात यह रही कि उन्होंने अपने उम्र को झुठलाते हुए खेलों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अधिकाधिक पुरुस्कार अपने नाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।कार्यक्रम के आयोजन में नेहा कुमारी, अंशु कुमारी, जोया सरकार, प्रतिभा मिश्रा व अन्य का अमुल्य योगदान रहा। पूछे जाने पर प्राचार्य ने कहा कि यह विद्यालय आचार्य सुदर्शन जी महाराज के शिक्षा दर्शन पर उनके संरक्षण में चलने वाला शिक्षण संस्थान है जहाँ बच्चों को कक्षा की परिधि से बाहर निकालकर संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय प्रधान होने के नाते यह हमारा कर्तव्य हो जाता है कि समाज में एक सापेक्ष माहौल बनाएं जिनमें पलकर हमारी भावी पीढ़ी स्वस्थ मानसिकता के साथ बड़े हो एवं स्वस्थ समाज को बनाने में अपना योगदान दें।

# गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में साइंस, कॉमर्स और आर्ट प्रदर्शनी का शानदार आयोजन









**संवाददाता।**

गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल,भंडारकोला में छात्रों के प्रस्तुति कौशल को बढ़ाने,छात्र की सोचने की शक्ति को बढ़ाने और छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने के उद्देश्य के साथ-साथ छात्रों द्वारा नए विचारों,परियोजनाओं और वैज्ञानिक नवाचारों को प्रस्तुत करने के लिए साइंस ,कॉमर्स और आर्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारी संख्या में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक गण भी आए। उनके बीच भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक सरोकारों से संबंधित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। लगभग 600 बच्चों के द्वारा 150 मॉडल बनाए गए ।
ड्रोन,मानव को देखकर विद्युत उपकरण का चलना और बंद होना,ध्वनि संचालित वाहन, रोबोट ,अनंत कुआँ , डैम का मॉडल ,कचरे से बिजली उत्पादन ,नदी तालाब की सफाई करने वाली मशीन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सिक्योरिटी अलार्म, चुंबकीय ट्रेन, भारतीय अर्थशास्त्र से संबंधित मॉडल ,शारीरिक संरचनाओं को समझाते हुए मॉडल ,सौरमंडल, लावा लैंप कृत्रिम रक्त रंग तथा विभिन्न रासायनिक प्रक्रिया से संबंधित मॉडल,सेंट्रल लाइब्रेरी का कॉन्सेप्ट से संबंधित मॉडल, बच्चों के द्वारा बनाई गई मूर्ति, कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चे के द्वारा बनाई गई कलाकृति आकर्षण का केंद्र थी। प्रदर्शनी में बच्चों ने स्वागत गान, झारखंडी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य,बिहू नृत्य, कथक नृत्य,उप शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत,एकल गायन और एकल नृत्य की विहंगम प्रस्तुति कर शमा बांध दिया। मासिक धर्म, भ्रूण हत्या,दहेज प्रथा और बाल श्रम पर आधारित अंग्रेजी में नुक्कड़ नाटक को सबों ने बहुत सराहा।
विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक और व्यावहारिक रूप से वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ को व्यक्त करने के लिए ऐसा कार्यक्रम काफी लाभदायक सिद्ध होता है।एक छात्र में वैज्ञानिक भावना और जिज्ञासा का विकास करना हमारा लक्ष्य है।
आगंतुक अतिथि, सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स,देवघर के अध्यक्ष रामसेवक सिंह गुंजन, रेड रोज़ स्कूल के प्राचार्य अनिल पांडे और गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाऊन के प्राचार्य दिलीप सिंह के साथ मीडिया के तमाम लोगों ने प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी अद्वितीय प्रदर्शनी है जिसमें लगभग एक चौथाई मॉडल राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शनी के अनुरूप हैं। अभिभावकों ने कहा कि हमें इस विद्यालय परिसर में इस तरह का आयोजन देखकर सुखद अनुभूति हो रही है और उन्होंने प्राचार्य के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता की प्रशंसा की। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।

न्यूज़ अपडेट

## 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का उद्घाटन

● अभियान का उद्घाटन करते बीडीओ संतोष कुमार, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार एवं चिकित्सक



**श्रमबिंदु इचाक ।** इचाक. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक के सभागार में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का उद्घाटन बीडीओ संतोष कुमार, प्रमुख सत्येंद्र कुमार एवं डॉ मृत्युंजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर का किया. बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि भारत को 2025 तक टीबी रोग से मुक्त करना है. इस उद्देश्य से पूरे देश में 100 दिवसीय अभियान चलाया गया है. अभियान एएनएम, स्वास्थ्य सहिया समेत सामाजिक कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी रोग से पीड़ित लोगों का पहचान करेंगे और उसकी जांच कर उन्हें दवाइयां दी जाएगी. ताकि टीबी रोग को खत्म किया जा सकेगा. अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि खासकर कमजोर एवं कामकाजी व्यक्तियों के गांव टोले में जाकर लंबे समय से खांसी है उनकी इलाज करवाने में मदद करें. उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा कि इस अभियान में सामूहिक प्रयास करने से टीवी को खत्म किया जा सकता है. डॉ मृत्युंजय कुमार ने टीवी रोग के लक्षण के बारे में जानकारी दी. इस दौरान लोगों को टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर संकल्प दिलाया गया. मौके पर डॉ स्वाति,मलेरिया टेक्नीशियन संत कुमार, बीपीएम अनीता तिर्की, रत्नेश कुमार सिंह, रमेश कुमार गुप्ता,विवेक कुमार , बीपीएम दयाल प्रसाद,राजू कुमार के अलावा एएनएम, सहिया, स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे .

## आपके सुख-दुःख में साथ हूँ, बुलावे पर रहूँगा हाजिर : मनोज यादव

● कोल्हुवाकला, भण्डारो और डपोक पंचायत पहुँचा विधायक का आभार यात्रा



**श्रम बिंदु बरही।** भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव ने विजय यात्रा कोल्हुवाकला, भण्डारो और डपोक पंचायत के दर्जनों गाँव पहुँचा। कोल्हुवाकलां पंचायत के तिलैया बस्ती पहुँचे यात्रा का पंचायत वासियों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि जनता द्वारा मिले आपार जनसमर्थन के लिए सदैव आपका ऋणी रहूँगा। कहा आप सभी का दुःख सुख के साथ हूँ, बुलावे पर रहूँगा हाजिर। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा मंडल सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, कोल्हुवाकला मुखिया मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, समिति सदस्य प्रतिनिधि मनीलाल यादव, समाजसेवी केदार यादव, डीलो पासवान, युवा नेता विश्वा यादव, रवि यादव, बिनोद यादव, रंजन यादव, मनोज यादव, दिलीप यादव, भण्डारो मुखिया सकलदेव यादव, मनीलाल राणा, हितेज राज, संजय यादव, पिन्टू ठाकुर, सचिन यादव, युवा नेता मुन्ना यादव, नीलेश पांडेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मुखिया ने नन्हे बच्चों के बीच किया स्वेटर वितरण



**श्रम बिंदु बरही।** बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया कोलंगा व धोबीहडीह के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण मुख्य अतिथि बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने उपस्थित अतिथियों के साथ की। वहीं बरसोत के 4 आंगनबाडियों में स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी ने सेविका सरोज देवी की उपस्थिति में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। बरही पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह में दो आंगनबाड़ी में मुखिया शमशेर आलम ने आंगनबाड़ी सेविका सुमन देवी की उपस्थिति में नन्हे बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। मुखिया ने बताया कि ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों बीच स्वेटर वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को साफ सुथरा और नियमित रूप से स्वेटर पहन कर आंगनबाड़ी केंद्र आने के लिए प्रेरित किया।

## मुखिया रंजीत कुमार के प्रयास से लोगों को ट्राइसाइकिल मिला

**बड़कागांव।** असहाय लोगों की आवश्यकताओं को देखते हुए बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार के प्रयास से पश्चिमी पंचायत निवासी रोहित सोनी एवं पूर्वी पंचायत कदमाडीह के ललिता कुमारी को ट्राइसाइकिल मिला। ये लोग पूरी तरह से चलने में आसक्षम हैं। मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य निरंतर चलता रहेगा। पंचायत के लोग अपनी समस्या हमें एक बार जरूर बताए



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन को करेंगें साकार, सहयोग से होगा बरही टीवी मुक्तः मनोज यादव

## आज से हर घर तक पहुंचेंगे अस्पताल कर्मी, टीवी मरीजों को करेंगे चिन्हितः प्रकाश ज्ञानी

**श्रम बिंदु बरही।**

बरही : शनिवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता डॉ प्रकाश ज्ञानी व संचालन कृष्णा प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विधायक के हाथों यक्ष्मा रोग में सहयोग करने वाले 29 सामाजिक एवं जियाडा कंपनी के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं यक्ष्मा रोग से मुक्त हुए व्यक्तियों को अतिथियों के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर बरही विधायक ने कहा कि पहले टीवी को गंभीर रोग माना जाता था, सरकार के प्रयास से इसमें कमी आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि पूरा भारत टीवी मुक्त हो, उसी के तहत आज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्षेत्र में टीवी शून्य स्थिति में पहुंचे, सभी का सहयोग अपेक्षित है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में दी जा रही सुविधा का लाभ हर एक लोगों को मिलना चाहिए। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को प्राथमिकता के आधार पर इलाज करवाना सुनिश्चित करेंगे। वहीं चिकित्सा प्रभारी प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही को टीवी मुक्त करने के लिए हमारे साथ अस्पताल




की टीम लगातार प्रयासत हैं। बरही में अभी तक टीवी का कुल 90 मरीज हैं, जिन्हें निक्षय मित्रों के द्वारा सहयोग की जा रही है और उसे जल्द ठीक भी कर लिया जाएगा। उन्होंने बरही को टीवी मुक्त कराने में सभी से सहयोग की अपील भी की। वहीं उन्होंने बताया कि 2023-24 में 30 निक्षय मित्रों ने 213 मरीजों को गोद लिया, जो काफी सराहनीय है। वहीं एसटीएलएस विजेंद्र कुमार ने बताया कि 2023 में कुल 2480 मरीजो का टेस्ट किया गया था, जिसमें 196 मरीज पॉजिटिव पाए गए, उसमें 164 को ठीक किया गया, वहीं 9 लोगों की मृत्यु हो गई है। वही 2024 में 4813 मरीजो का जांच किया गया, जिसमें 168 मरीज पॉजिटिव पाए गए। जिसमें 142 मरीज ठीक हुए, वहीं सात मरीजों की मौत हो गई। वहीं उन्होंने बताया कि बरही प्रखंड के करसो, रसोईया धमना, बरही पूर्वी व बरही पश्चिमी, कोनरा, धनवार, बरसोत, विजैया व पदमा प्रखंड के सूरजपुरा पंचायत पूरी तरह से टीवी मुक्त है। कार्यक्रम के समापन पर अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उपस्थित लोगों को टीवी रोग मुक्त का शपथ दिलवाया। कहा हारेगा टीवी और जीतेगा देश। मौके पर जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ जयपाल महतो, बीसीओ संजय यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, समाजसेवी सुरेंद्र रजक, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, रंजन ओम, मुकेश राम, समाजसेवी राजेश केशरी उर्फ मेवालाल केशरी, भाजपा नेता मनोज साव, सुनील दत्ता, शिवा निषाद, इंद्रदेव ठाकुर, संतोष निषाद, मुन्ना यादव, पंसस विकाश सिंह, नागेश्वर रजक, मुकेश यादव, बीपीएम नारायण राम, अस्पताल कर्मी पंकज कुमार समेत सहिया साथी मौजूद थे।

# नो एंट्री में भारी वाहन के प्रवेश से ग्रामीणों में आक्रोश

## बीते दिन भी नोएंट्री उल्लंघन को लेकर ग्रामीणों द्वारा भारी वाहन रोका गया था

**बड़कागांव।**



मुख्य चौक में इन दिनों नो एंट्री के बावजूद भारी वाहनों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इन भारी वाहनों के कारण बड़कागांव में आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं होते रहती है, जिसमें अब तक कई लोगों की जाने जा चुकी है। नो एंट्री का सही से पालन नहीं होने के कारण बड़कागांव मुख्य चौक में ग्रामीण सड़क पर उतारकर खुद भारी वाहनों को रोक कर पुलिस के हवाले कर रहे हैं। ग्रामीण एवं व्यापारी वर्ग के लोगों का कहना है कि अहले सुबह से ही बच्चे ट्यूशन एवं अपने-अपने शिक्षण संस्थान अध्ययन के लिए आने-जाने लगते हैं और इन भारी वाहनों का तेज गति से नो एंट्री में प्रवेश होने से विद्यार्थियों के साथ बड़ी दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। ये भारी वाहन दिन में भी बेपरवाह होकर बड़कागांव के भीड़भाड़ वाली सड़क से होकर गुजरते रहते हैं।

जिस कारण दिन में काफी लंबी सड़क जाम की समस्याओं से ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है। कई बार लंबे समय तक मरीज से भरी एंबुलेंस को भी जाम छूटने का इंतजार करना पड़ता है,इसलिए नो एंट्री का शक्ति से पालन होने के लिए बड़कागांव पुलिस प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि कोई भी आम ग्रामीण या विद्यार्थी बड़ी वाहनों के चपेट में ना आए और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एवं सिविल सोसाइटी बड़कागांव के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से सख्ती के साथ नो एंट्री के नियमों का पालन करने की अपील की है।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का तीसरे दिन संपन्न

**श्रम बिंदु। बरही।** पदमा प्रखंड स्थित महावीर देवासनी कॉलेज आफ एजुकेशन नवागंतुक प्रशिक्षकों के लिए चल रहे चार दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम तीसरा दिन संपन्न हुआ।मंच संचालन प्रो. जितेंद्र झा एवं डॉ. नीतू उपाध्याय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. चन्द्रशेखर प्रसाद द्वारा किया गया। प्रो. अंशु लकड़ा तथा प्रो. सरिका मेहता के नेतृत्व में रजिस्ट्रेशन के उपरांत कार्यक्रम का आरंभ हुआ। डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने संस्थान के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के अधिकार एवं कर्तव्य से नए-नए प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने शिक्षा में तकनीकी के महत्व को बताते हुए वर्तमान शिक्षकों के लिए कंप्यूटर एवं इंटरनेट की महत्वपूर्ण बातों को बताया। इसके साथ कुछ एक्टिविटीज कराये, साथ ही प्रशिक्षुओं को मनोवैज्ञानिक प्रयोग से अवगत कराया गया। भोजनोपरांत सत्र में प्रोफेसर अविनाश कुमार के निर्देशन में फिजिकल एक्टिविटीज कराई गई साथ ही दोनों वर्तमान छात्रों के बीच एक फ्रेंडली वालीबॉल मैच का आयोजन हुआ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र चौरसिया के अध्यक्षीय भाषण के साथ सभा का समापन हुआ।

## विद्यार्थियों के बीच निशुल्क शिक्षा किट का वितरण

**श्रमबिंदु इचाक**

ईचाकः झारखंड सरकर के स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग के द्वारा बच्चों के बीच शत प्रतिशत साक्षरता दर बढ़ाने के लिए विद्यार्थीयों के बीच कई जगरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी के तहत आज ईचाक प्रखंड अंतर्गत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डाढा में शनिवार को कक्षा 1 से 8 तक 114 विद्यार्थियों के बीच विद्यालय किट योजना के अंतर्गत शिक्षा सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। किट में बैग एवं कॉपी शामिल है। इस दौरान डाढ़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन के लिए शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। बच्चे शिक्षा से जुड़कर उज्जवल भविष्य बना सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधालय अध्यक्ष टिकेश्वर प्रजापति, चितरंजन दास, सहायक अध्यापक उर्मिला कुमारी, मनोज कुमार, सत्यनारायण दास के अलावे विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गण मौजूद थे।



## हजारीबाग के मनोज कुमार मानसिक रूप से बीमार लोगों की मदद करते हैं.



**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।** समाज में कई ऐसे लोग हैं जो प्रेरणा के स्रोत हैं। ऐसे ही एक हैं मनोज कुमार जो किसी तरह अपने परिवार वालों का भरण पोषण सड़क के किनारे दुकान लगाकर करते हैं। पिछले एक साल से मनोज मानसिक रूप से बीमार लोगों की इस तरह मदद कर रहे हैं कि आज पूरा समाज उनसे प्रभावित है। यह कहावत भी है कि ऊपर वाला सब कुछ ले ले लेकिन दिमाग ना हरे. मानसिक रूप से विक्षिप्त इंसान भरी पूरी दुनिया में रहकर भी अकेला रहता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति उनकी ओर मदद का हाथ बढ़ाता है तो वह काबिल-ए-तारीफ है. ऐसे ही एक हैं। मनोज कुमार जो विक्षिप्त इंसान को बिना किसी स्वार्थ के ही मदद कर रहे हैं। मनोज कुमार को जब भी कोई मानसिक रूप से बीमार (विक्षिप्त) व्यक्ति दिखता है। तो उसे अपने साथ गाड़ी में बैठाकर घर या उसके आसपास ले जाते हैं. फिर उसे स्नान करवाते हैं. कपड़ा अगर फटा हुआ है तो कपड़ा बदलवाते हैं। तथा दाढ़ी और बाल अगर बड़े हैं तो उसे खुद से काटते हैं। जब वह साफ सुथरा हो जाता है तो खाना खिलाकर फिर उसे छोड़ देते हैं. उनका कहना है कि रखने के लिए जगह नहीं है,अगर जगह होती तो उन्हें अपने साथ ही रख लेते। मनोज कुमार ने यह नेक काम अकेले ही शुरू किया था. धीरे-धीरे समाज के लोगों का भी साथ मिला और फिर उनका बेटा भी उन्हें सहयोग करने लगा। मनोज कुमार का घर दारू ब्लॉक के ठीक बगल में है। वो बताते हैं कि गांव में ही एक बार देखा कि एक विक्षिप्त इंसान को दुकानदार भगा रहे थे। क्योंकि वह बहुत गंदा था। मदद करने की चाहत रखने के बावजूद उसकी मदद नहीं कर पा रहा था।उसी दिन से यह ठान लिया कि जो भी विक्षिप्त होगा उसे स्नान करवा कर और साफ कपड़ा पहनाने का काम करेंगे। बता दें कि मनोज कुमार सड़क के किनारे दुकान लगाते हैं। इसी दुकान से उनका घर परिवार चलता है। जो पैसा बचता है उस पैसे से मानसिक रूप से बीमार (विक्षिप्त) व्यक्ति की मदद करते हैं। उनका कहना है कि इससे जो सुकून मिलता है। उसे बयां नहीं किया जा सकता। कई ऐसे लोग हैं जो अपने किसी सदस्य का मानसिक संतुलन बिगड़ जाने के बाद घर से ही निकाल देते हैं, यह सबसे बुरी बात है. उनकी चाहत है कि सरकार ऐसी पहल करे जिससे विक्षिप्त इंसानों को ठिकाना मिल सके।

# टीबी रोग को मिटाने के लिए कार्यशाला का आयोजन,100 दिन घर-घर चलेगा जांच

**बड़कागांव।**



प्रखंड में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख वचन देव कुमार एवं संचालन प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने किया। टीबी रोग उन्मूलन को लेकर डॉ अविनाश कुमार ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2025 तक देश में टीबी को समाप्त करने को लेकर अहम कार्यक्रम चलाई जा रही हैं। जिसके तहत झारखंड में हजारीबाग ,सिमडेगा ,रामगढ़ और गुमला जिले को चिन्हित किया गया है। टीवी उन्मूलन कार्य 7 दिसंबर से शुरू किया गया है। बड़का गांव में 100 दिन तक प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर टीबी से संबंधित रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। इतना ही नहीं उनकी इलाज की पूरी व्यवस्था बड़कागांव सरकारी हॉस्पिटल से किया जाएगा। चिन्हित टीबी मरीज को निशुल्क दवा के साथ 1000 प्रतिमाह दिए जाएंगे। उप प्रमुख वचन देव कुमार एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि कोरोना जैसे गंभीर बीमारी को हम लोगों के समझदारी व सूझबूझ से ही समाप्त हुआ है। स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए हमेशा जांच कराते रहें। बढ़ती उम्र के साथ शरीर में प्रतिरोधक क्षमता भी घटती जाती है ,इसलिए दवा को उपयोग सही तरीके से समय पर जरूर करें। नियमित रूप से रोजाना योग व्यायाम जरूर करते रहें ।ऐसा करने से कई बीमारियों का नाश होता है। चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड के सहीया सेविका व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से टीमवर्क के तहत काम ले हम जनप्रतिनिधि भी आपकी सहयोग के लिए निरंतर आगे रहकर सहयोग करते रहेंगे ताकि हमारे क्षेत्र से टीबी हमेशा के लिए समाप्त हो जाए। वही टीबी रोग ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दीपक कुमार केरकेट्टा ने कहा कि शरीर के किसी भी अंग में टीबी रोग हो सकता है। टीबी रोग की दवा सरकारी अस्पताल में प्राइवेट हॉस्पिटल से भी बेहतर दवा मिलती है। वर्तमान में प्रखंड में 176 टीवी के मरीज इलाजरत हैं। 2 साल पूर्व 275 मैरिज पाए गए थे। जिसमें अधिकतर रोगी कोल माइनिंग क्षेत्र में पाए गए हैं। वही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नवीन कुमार ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में टीवी उन्मूलन 100 दिनों तक चलेगा। इसका शुरूआत किया गया है ,जिसमें घर-घर झारखंड स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा लोगों की बलगम की जांच कर मरीजों को चिन्हित की जाएगी। देश से टीवी रोग को मिटाना है ।इसके लिए हम सभी को आगे आकर सहयोग एवं लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम समाप्ति पूर्व लोगों ने अपने-अपने गांव क्षेत्र से टीबी को हमेशा के लिए नाश करने का शपथ लिया । मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, डॉ अविनाश कुमार, डॉ सविता वर्मा , पंसस रितेश ठाकुर ,बीपीएम नवीन कुमार ,आशीष वर्मा, संजय कुमार, मृत्युंजय कुमार के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# टीबी रोग को मिटाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।**

दारू प्रखंड के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 07.12.2024 को समय अपरा' 12:30 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दारू प्रखंड में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर दारू प्रखंड के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2025 तक देश में टीबी को समाप्त करने को लेकर अहम कार्यक्रम चलाई जा रही हैं। जिसके तहत झारखंड में हजारीबाग जिले को चिन्हित किया गया है। एम ओ आई सी दारू डॉ अमरेश कुमार ने बतलाया कि टीवी उन्मूलन कार्य 7 दिसंबर से शुरू किया गया है। दारू प्रखंड में 100 दिन तक प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर टीबी से संबंधित रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। इतना ही नहीं उनकी इलाज की पूरी व्यवस्था सरकारी हॉस्पिटल से किया जाएगा। चिन्हित टीबी मरीज को निशुल्क दवा के साथ 1000 प्रतिमाह दिए जाएंगे। पहले निशुल्क दवा के लिए 500 दिया जाता था। कोरोना जैसे गंभीर बीमारी को हम लोगों के समझदारी व सूझबूझ से ही समाप्त हुआ है। स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए हमेशा जांच कराते रहें। बढ़ती उम्र के साथ शरीर में प्रतिरोधक



क्षमता भी घटती जाती है ,इसलिए दवा को उपयोग सही तरीके से समय पर जरूर करें। नियमित रूप से रोजाना योग व्यायाम जरूर करते रहें । ऐसा करने से कई बीमारियों का नाश होता है। टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का समापन 24 मार्च 2025 को समापन होगा चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड के सेविका व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से टीमवर्क के तहत काम ले हम जनप्रतिनिधि भी आपकी सहयोग के लिए निरंतर आगे रहकर सहयोग करते रहेंगे ताकि हमारे क्षेत्र से टीबी हमेशा के लिए समाप्त हो जाए। वही टीबी रोग की दवा सरकारी अस्पताल में प्राइवेट हॉस्पिटल से भी बेहतर दवा मिलती है। दारू प्रखंड में टीवी उन्मूलन 100 दिनों तक चलेगा। इसका शुरूआत किया गया है ,जिसमें घर-घर झारखंड स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा लोगों की बलगम की जांच कर मरीजों को चिन्हित की जाएगी। देश से टीवी रोग को मिटाना है ।इसके लिए हम सभी को आगे आकर सहयोग एवं लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम समाप्ति पूर्व लोगों ने अपने-अपने गांव क्षेत्र से टीबी को हमेशा के लिए नाश करने का शपथ लिया। इस कार्यक्रम में हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून , हरली पंचायत की गीता देवी , एम ओ आई सी दारू डॉ अमरेश कुमार,डॉ अंबिका गोयल, डॉ मुकेश चंद्र झा, डॉ सृजन जयपुरियार , डॉ सुरेंद्र कुमार राय , डी पी एम अजय कुमार दास, ई सी डी एल एस के सुपरवाइजर , सी एच ओ कंचन कुमारी , ईभा अलका कुल्लू , सहिया दीदी और अस्पताल के सारे कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### देशी पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**बोकारो ।** बोकारो सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा बीएस सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुंदीबाग भुइंया पट्टी से दो युवकों को विकास कुमार और आदित्य कुमार को एक देशी पिस्टल व एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बताया कि दोनो अपराधी लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था ।

### अयोध्या में दिव्यांग खिलाड़ी जितेंद्र पटेल को किया जाएगा सम्मानित




**श्रमबिंदु/रामगढ़।** रजरप्पा कोयलांचल का दिव्यांग जितेंद्र पटेल को दिव्यांग रत्न से अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।दिव्यांग चितरपुर लारी का निवासी है, उसे उत्तर प्रदेश अयोध्या में दिव्यांग रत्न अवार्ड वार्ड से सम्मानित किया जाएगा यह अवार्ड जो दिव्यांग खिलाड़ी अच्छा योगदान दिए हैं उन्ही खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा।झारखंड से जितेंद्र पटेल एक ही खिलाड़ी है 6 दिसंबर को गोमो जंक्शन से अयोध्या के लिए रवाना हुए,8 दिसंबर 11:00 बजे कार्यक्रम स्थान हनुमत निवास लक्ष्मण घाट अयोध्या में सम्मानित किया जाएगा। जितेंद्र पटेल 16 सितंबर 1991 को जन्मे जितेंद्र पटेल जन्म के 2 वर्ष के बाद से पोलियो ग्रस्त हुआ 80% दोनों पैर से दिव्यांग है,इन विषमताओं के बाद भी इंटर तक शिक्षा ग्रहण की आठ



बहनों और दो भाइयों सहित परिवार के 10 सदस्य में तीसरे नंबर के जितेंद्र ने परिवार की विषम स्थितियों को देखते हुए कुछ अलग और बड़ा करने की निर्णय किया। जितेंद्र ने 2009 से क्रिकेट खेलने डांस ,स्विमिंग,सेटिंग वॉलीबॉल,तैराकी और कबड्डी सहित कई तरह के खेल खेल कर दिव्यांग की परिभाषा ही बदल दी।

की दिव्या जो भी ठान ले वह कर दिव्यांग रोल मेडल के रूप में कार्य करते हैं झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान बने और विभिन्न खेल तथा डांस प्रतियोगिताओं के माध्यम से मैडल प्राप्त करके अपने जिले एवं झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है।

### मासिक गीत एवं वंदे मातरम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मासिक गीत एवं वंदे मातरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की गायन प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगीत के महत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने कक्षा सह अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बांटा गया गया था-शिशु वर्ग,बाल वर्ग और किशोर वर्ग।

मासिक गीत एवं वंदे मातरम प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम एवं विभिन्न मासिक गीत प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडली द्वारा किया गया, जिसमें शिशु वर्ग में विदेश सिंह,पूनम सिंह एवं अमृता चौधरी वही बल वर्ग एवं किशोर वर्ग में गायत्री कुमारी,रेखा कुमारी एवं ज्योति राजहंस शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों के गायन कौशल, तालमेल और प्रस्तुति की तकनीक के आधार पर अंक दिए।

प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में प्रथम-पंचम अ' द्वितीय- चतुर्थ 'ब' एवं तृतीय-चतुर्थ अ',बाल वर्ग में प्रथम-अष्टम अ',द्वितीय-सप्तम'अ' एवं तृतीय-अष्ठम 'ब' एवं किशोर वर्ग में प्रथम-नवम अ'द्वितीय-नवम 'ब' एवं तृतीय दशम अ' कक्षा को घोषित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना,अमरदीप नाथ शाहदेव,इंद्रजीत सिंह,सेखर कुमार,गायत्री पाठक,ममता कुमारी,श्वेता पांडा,शशि कान्त,दिलीप सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### रोटरी के जोनल चेयरमैन की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न

**बोकारो ।** बोकारो नगर के तीन रोटरी क्लब रोटरी बोकारो, रोटरी चास, और रोटरी मिड टाउन कपल्स के नव निर्वाचित जोनल चेयरमैन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम सिटी सेंटर स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुई



और इस की अध्यक्षता रोटरी सत्र 2025-26 के नव-नियुक्त असिस्टेंट गवर्नर नरेंद्र सिंह ने की। नरेंद्र सिंह को रोटरी जिला 3250 की आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता नाथ ने इन तीनों क्लबों का असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया है।बैठक में रोटरी बोकारो के जोनल चेयरमैन प्रदीप नारायण और घनश्याम दास, रोटरी चास से डॉ. सुमन, पूजा बैद, डिंपल कौर, श्वेता रस्तोगी तथा रोटरी मिड टाउन कपल्स के शिव अग्रवाल, अनूप त्रिपाठी और मिनी स्टीफन कपूर ने भाग लिया।इस बैठक का उद्देश्य आगामी सत्र के प्रोजेक्ट्स, विभिन्न कार्यक्रमों और रोटरी के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विचार करना था। सभी सदस्यों ने उत्साह से अपने-अपने विचार और योजनाएं साझा किया ।

### उपायुक्त के निर्देशानुसार खनन ने एक हाइवा को जब्त किया

**बोकारो ।** उपायुक्त के निर्देशानुसार खनन विभाग ने बीते दिन बोकारो जिला के पिंडराजोरा थाना अंतर्गत चास पुरुलिया मुख्य पथ पर पिंडराजोरा-पुरुलिया बॉर्डर




के सामने निरीक्षण कर अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक हाईवा को जब्त कर पिंडराजोरा थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज की गई।उक्त अभियान में खान निरीक्षक, जितेंद्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# आलू उत्पादन पर जल्द आत्मनिर्भर बनेगा बोकारो

**बोकारो ।**

बोकारो जिले में आलू उत्पादन को बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। आने वाले कुछ वर्षों में बोकारो जिला आलू उत्पादन को लेकर आत्मनिर्भर बन जाएगा। इस कार्य में पलाश की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य काम कर रही है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जहां जेएसएलपीएस से जुड़े 7,626 महिला किसान 152.68 एकड़ भूमि पर आलू की खेती कर 1145.10 टन आलू उत्पादन किया गया। वहीं, उपायुक्त विजया जाधव के पहल पर वित्तीय वर्ष 24-25 में 27,410 महिला किसानों ने 1646.5 एकड़ में आलू की खेती की है और 6120.35 टन आलू उत्पादन किया गया है। उपायुक्त ने आलू



उत्पादन कर रहे महिला किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र पेटरवार को तकनीकी सहयोग देने के साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी को धान कटनी के बाद आलू की खेती करने के लिए किसानों एवं फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन को प्रेरित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आलू उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम आदि को कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ऐसी आलू की किस्में चुनें जो स्थानीय जलवायु और मिट्टी के लिए उपयुक्त हों। उन्नत किस्में जैसे कुफरी ज्योति, कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी आलंकार, और कुफरी पुखराज को प्राथमिकता दें, क्योंकि ये रोग प्रतिरोधी और अधिक उत्पादन देने वाली होती हैं। मिट्टी परीक्षणः खेत की मिट्टी की जांच और उसकी उर्वरता को समझना। संतुलित उर्वरकों का उपयोगः मिट्टी के स्वास्थ्य के अनुसार नाइट्रोजन फॉस्फोरस और पोटाश की सही मात्रा में उपयोग। जैविक खादः गोबर की खाद, वर्मी कंपोस्ट, और हरी खाद का उपयोग ताकि मिट्टी की संरचना और सूक्ष्म पोषक तत्वों में सुधार हो। आलू के लिए उचित नमी बनाए रखना आवश्यक है। फव्वारा सिंचाई या ड्रिप सिंचाई अपनाएं ताकि जल का सही उपयोग हो। फसल के बढ़ने के दौरान 5-6 बार सिंचाई, विशेष रूप से कंद बनने के समय , खेत में फसल चक्र अपनाएं ताकि मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी न हो। आलू के साथ दलहनी फसलें (जैसे मूंग, चना) उगाएं। इससे मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ेगी।

बीज उपचारः बुवाई से पहले आलू के बीजों को फफूंदनाशक और कीटनाशकों से उपचारित करना। जैविक नियंत्रणः रोगों को रोकने के लिए नीम तेल और ट्राइकोडर्मा जैसे जैविक उपाय अपनाना। निगरानीः नियमित रूप से फसल की जांच करें और शुरुआती लक्षण दिखने पर उचित उपचार। कंद बोने की गहराईः आलू के कंद को 8-10 सेमी की गहराई पर बोया जय। समय पर मिट्टी चढ़ानाः पौधे की जड़ों पर मिट्टी चढ़ाने से कंदों का आकार और संख्या बढ़ती है। यंत्रीकरणः खेती में ट्रैक्टर और मशीनों का उपयोग जिससे श्रम की बचत हो और उत्पादन समय पर हो। किसानों को आलू उत्पादन की आधुनिक तकनीकों पर नियमित प्रशिक्षण। कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग से संपर्क। सामूहिक खेती और किसान उत्पादक संगठनों से जुड़कर नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करना। आलू की उचित भंडारण व्यवस्था ताकि खराबी से बचा जा सके। आलू से बने उत्पादों (चिप्स, फ्रेंच फ्राइज) की प्रोसेसिंग कर अधिक मूल्य प्राप्त करना। सीधा उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए किसान बाजार या डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करें।

## ललन सिंह गोली कांड के आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो ।**

बीते एक दिसंबर को सेक्टर 12 बी में 65 वर्षीय रिटायर्ड बीएसएल कर्मी ललन सिंह पर गोली चलाने के आरोपी में एक महिला समेत एक युवक को गिरफ्तार किया गया है ।कांड में उपयोग किया गया बाइक व पिस्टल भी बरामद किया गया है ।जबकि इस घटना में शामिल दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है ।उक्त बात की जानकारी बीते दिन को बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी ,उन्होंने बताया कि सेक्टर 12 बी जोड़ा टॉवर झोपड़ी में रहने वाली 26 वर्षीय महिला पुष्पा देवी उर्फ सुमन देवी ने दुंदीबाग झोपड़ी के रहने वाले अपने प्रेमी 20 वर्षीय रौशन कुमार के साथ मिलकर




योजना बनाई थी ।अपराधियों की मंशा थी की ललन सिंह की हत्या कर उसके पास से उसके घर की चाबी लेकर घर में रखे पैसे को लूट लिया जाय ,पर ऐसा हो ना सका ,जांच में ये बात सामने आई है की ललन सिंह सूद में पैसा देन का काम करते थे ,इसमें ज्यादातर नगद में ही कारोबार होता था ।आरोपी पुष्पा के साथ बीते छह महीने से ललन सिंह का संपर्क था ।महिला लगातार अलग अलग नंबर से ललन सिंह से बात करती थी और उन्हें अपने भरोसे में ले ली थी ।घटना वाले दिन महिला ने फोन कर ललन सिंह की बुलाया , जहां आरोपी रौशन कुमार ने अपने दो अन्य सहयोगी के साथ मिलकर ललन सिंह में गोली चलाई और ललन सिंह के जमीन मे गिरते ही सभी भाग गए ।लोगो की सूचना पर पुलिस पहुंचकर ललन सिंह को अस्पताल पहुंचाया ।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार चास नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया




**चास ।**

बोकारो उपायुक्त एवं अपर नगर आयुक्त के संयुक्त आदेशानुसार चास नगर निगम द्वारा गठित एनफोर्समेंट टीम एवं चास थाना द्वारा सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए बीते दिन अभियान चलाया गया ' अभियान मेन रोड चास से सुभाष चौक , मुस्कान हॉस्पिटल गली तक अभियान चलाया गया ' इस अभियान में फुटपाथ एवं सड़क किनारे पर स्थित व्यवसायिक दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया एवं फुटपाथ पर सब्जी एवं फल विक्रेताओं को वेडिंग जोन में जाने के लिए निर्देशित किया गया और साथ ही साथ व्यापार अनुज्ञप्ति की भी जांच की गयी ' इस अभियान दल का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, द्वारा किया गया ' इस अभियान दल में नगर प्रबंधक अनूप गुंजन टोपनो, ललित नीलम लकड़ा, सिटी मिशन मैनेजर प्रशांत कुमार एवं कार्यालय कर्मी प्रवीन कुमार, मनीष कुमार हाजरा, अनिल कुमार रजवार, प्रकाश कुमार गोप, शिव शंकर सिन्हा, बंटी पाठक, राजेश साव एवं चास थाना के कर्मी उपस्थित थे '

## संत ज़ेवियर्स विद्यालय में 56वाँ खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया

**बोकारो ।**

संत जेवियर्स विद्यालय में खेलकूद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि, राउरकेला स्टील प्लांट के ई० डी० आई० आलोक वर्मा ,1985 बैच के बौक्सन तथा प्राचार्य फादर अरुण मिंज , एस.जे. द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। साथ-ही विद्यार्थियों के ऊँचे लक्ष्य को दर्शाते गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। इसके पश्चात विद्यालय को खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने वाले धावकों ने मशाल दौड़ की। इसके पश्चात बच्चों ने शपथ लिया। प्राइमरी स्कूल के नन्हें विद्यार्थियों ने 'वैश्विक शांति और एकता' का खूबसूरत एवं प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त मिडिल स्कूल के बच्चों ने बुराई पर अच्छाई एवं अज्ञानता पर ज्ञान की फतह को ड्रिल के माध्यम से दर्शाया। वहीं विद्यालय के निजी बैंड के साथ हाई स्कूल





एवं प्लस टू के विद्यार्थियों ने परेड में हिस्सा लिया।इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने भाषण द्वारा प्रतिबुद्धि, साहस तथा सच्चाई के मार्ग पर चलने को विद्यार्थियों को संदेश दिया। फादर अरुण मिंज एस.जे. ने विजेतायों तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना कर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।विजेतायों को पदक एवं ट्रॉफी से अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छः से बारह वर्ग के चैंपियन गर्ल तथा चैंपियन बॉय को विकास कंडुलना मेमोरियल चैंपियन अवार्ड से पुरस्कृत किये गये, जिसमें अर्पित सहानी, आयुष लोहरा , लिओन , राजकुमार , शाश्वत , चंद्रकांत, एहसान कक्षा छठी , सातवीं , आठवीं नवी , दसवीं , ग्यारवीं तथा बारहवीं से क्रमशः शामिल थे। वहीं लड़कियों में अदिति , मिताली , कृतिका एवं आकांक्षा, प्राची एवं प्रिया , शाम्भवी सिंह , रजनी , अनुष्का कुजुर को कक्षा छठी , सातवीं , आठवीं नवी , दसवीं , ग्यारवीं तथा बारहवीं से क्रमशः चैंपियन गर्ल के रूप में सम्मानित किया गया। मास ड्रिल में मिडिल से ब्रिटो हाऊस , प्राइमरी से ब्रिटो हाऊस , टग ऑफ वार में लड़कों एवं लड़कियों मे ज़ेवियर हाऊस , कृष्णा मेमोरियल क्रॉस कंट्री शिल्ड में ज़ेवियर्स हाऊस ने विजेता का खिताब जीता। खंडेलवाल मार्च पास्ट शील्ड गोनजागा और जेवियर ने सम्मिलित रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। चरणपाल सिंह बिंद्रा शील्ड के लिए चैंपियन हाउस का अवार्ड जेवियर हाऊस को गया।वही शशि रंजन मेमोरियल रनर्स का अवार्ड गोनजागा हाउस को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में 1627 अंकों के साथ ज़ेवियर्स प्रथम तथा 1483 अंकों के साथ गोनजागा द्वितीय रहा। वहीं लोयोला 1417 अंकों के साथ एवं ब्रिटो हॉउस 1289 अंकों के साथ तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

अंश जॉय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

### निरसा के रामेश्वर ज्वेलर्स में तीन लाख की आभूषण चोरी

**निरसा।** निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्टेशन रोड स्थित रामेश्वर ज्वेलर्स में शुक्रवार की रात को करीब तीन लाख की आभूषण चोरी हो गई। चोरों ने सटर को तोड़ कर दुकान में प्रवेश किया। अलमारी में रखे सोने और चांदी के करीब तीन लाख की जेवरात चोरी कर ली। भुक्तभोगी रामेश्वर ठाकुर ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि सुबह पूर्व मुखिया ने दुकान खुले होने की जानकारी दिया। दुकान पहुंच कर अंदर देखा तो आंखें फटी रह गई। सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे जेवरात गायब थे। बताया कि इस क्षेत्र में पहली बार ऐसी घटना हुई है। घटना के बाद से व्यवसायियों में आक्रोश है। चोरों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस से गुहार लगायी है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### कालूबथान में अवैध बालू लदे छह ट्रैक्टर जब्त

**निरसा।** कलियासोल अंचल कार्यालय के समीप शनिवार की सुबह सीओ अशोक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में छापामारी कर छह अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर कालूबथान पुलिस को सौंप दिया। जब्त सभी ट्रैक्टरों को



सीओ ने पहले अंचल परिसर में रखा। किसी ने वैद्य कागजात नहीं दिखाया। बाद में कालूबथान पुलिस के हवाले कर दिया। सभी ट्रैक्टर पंचेत ओपी क्षेत्र के नदी घाटों से कालूबथान क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खपाने के लिए लाया जा रहा था। सीओ ने बताया कि अवैध बालू की तस्करी को रोकने के लिए छापामारी की गई। पकड़े गये ट्रैक्टरों में से चार का नंबर एवं दो बिना नंबर के शामिल है। इससे पहले भी कालूबथान ओपी प्रभारी ने कांटाजानी रेलवे फाटक के समीप दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया था, लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र से रोजाना दर्जनों अवैध बालू लदे ट्रैक्टर कालूबथान ओपी गेट के रास्ते से रोजाना गुजरती है।लेकिन पुलिस चुप्पी साध रखी है। छापामारी के बाद से बालू तस्करों मे हड़कंप मची हुई है।

## चास नगर निगम में अब प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार लगाया जाएगा : अपर नगर आयुक्त

**चास ।**

चास नगर निगम में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । विकास योजनाओं को लेकर चास नगर निगम में प्रशासन सह अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त सभी एक्शन मोड मे दिखें। शहरी सुविधाओं से लेकर सभी योजनाओं को तय समय में पूर्ण तथा सभी सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु अपर नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम में नागरिक सुविधा से लेकर साफ-सफाई तक कोई भी समस्या हो

### नगर निगम के समस्याओं को लेकर एक्शन मोड़ में दिखे अधिकारी




उसके लिए जनता दरबार प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी जिसमें जन सुविधाओं ,शिकायत निष्पादन के साथ-साथ निगम से संबंधित सभी मामलों को त्वरित निष्पादित किया जाएगा। सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी तथा जयपाल सिंह के निर्देशानुसार सभी सुविधाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है साफ-सफाई से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1800 5723626 है। शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु गठित धावा टीम के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने ,शहर में अवैध रूप से होर्डिंग पार्किंग से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा ,आगे इन्होंने कहा की जिन्होंने भी अपना मीटर पंजीकृत नहीं करवाएं हैं,जल्द से जल्द करवा ले अन्यथा गठित धावा टीम के द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी । साथ ही यदि किसी को भी योजना संबंधित कोई भी समस्या है तो उसे जनता दरबार में शुक्रवार को अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं ।बैठक में सहायक नगर आयुक्त कनीय अभियंता सहायक अभियंता सिटी मैनेजर, सिटी मिशन मैनेजर तथा सभी अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे

न्यूज़ अपडेट

## सड़क सुरक्षा समिति ने किया सरायढेला से गोविंदपुर तक निरीक्षण



**धनबाद** । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक पूरी होने के बाद समिति के सदस्यों ने सरायढेला से गोविंदपुर तक सड़क का निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने टुंडी से गोविंदपुर सुभाष चौक, बलियापुर से गोविंदपुर सुभाष चौक, गोविंदपुर साहिबगंज रोड के प्रस्थान बिंदु से फकीरडीह तक का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां की समस्या की जानकारी ली तथा समस्या के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया।

विचार विमर्श करने के बाद टीम ने सभी सड़कों के जंक्शन से पहले स्पीड लिमिट का साइन बोर्ड लगाने, नाइट विजन रिफ्लेक्टर लगाने, मुख्य सड़क की इंट्री से पहले रंबल स्ट्रीप लगाने सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य आवश्यक निर्णय लिए।

टीम में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार, डीएसपी मुख्यालय १ श्री शंकर कामती, अंचल अधिकारी गोविंदपुर तथा एनएचएआई के पदाधिकारी शामिल थे।

## 555 सीएफटी बालू लदे 6 ट्रैक्टर जब्त

- **बिना चालान कर रहे थे परिवहन**



धनबाद । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए कलियासोल के अंचल अधिकारी श्री अशोक कुमार सिन्हा ने अवैध ढंग से बालू का परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर जब्त किए। ट्रैक्टरों पर लगभग 555 सीएफटी बालू लदा था। किसी भी ट्रैक्टर के पास परिवहन चालान नहीं था।

इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सुबह लगभग 5.15 बजे अंचल के होमगार्ड अरविंद यादव, मिथिलेश कुमार, रंजीत कुमार, राजेश कुमार, रामापति कुमार, प्रवेश कुमार मंडल तथा कालुबथान ओपी के आरक्षी अरुण कुमार महतो, पंकज कुमार महतो के साथ बलियापुर पतलाबाड़ी रोड में छापामारी अभियान चलाया। अभियान के तहत बलियापुर पतलाबाड़ी रोड में बालू लदे 6 ट्रैक्टर को परिवहन करते पाया गया। टीम को देखकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए।

अंचल अधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 बी.ई. 6883, जेएच 10 बी.जे. 1591 तथा एक बिना नंबर के ट्रैक्टर पर 95 - 95 सीएफटी तथा ट्रॉली संख्या जेएच 10 बी.ए. 1131, ट्रैक्टर संख्या जेएच 10 ए.जी. 9804 एवं जेएच 10 बी.एल. 3894 पर 90 - 90 सीएफटी बालू बिना परिवहन चालान के पाया गया।

सभी ट्रैक्टरों के विरुद्ध जे.एम.एम.सी. नियमावली, 2004, के नियम 54 के तहत जुर्माना हेतु कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार, पानी,बिजली व स्वास्थ्य को लेकर टाईगर फोर्स ने किया बैठक

**श्रमबिंदु /धनबाद** । केंदुआ। वार्ड संख्या 12 में टाइगर फोर्स धनबाद की एक बैठक केंदुआ पांच नंबर आवासीय कार्यालय रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि टाइगर फोर्स के महामंत्री अवधेश पासवान एवं संचालनकर्ता गफ्फार ने की । इस बैठक का मुख्य मुद्दा वार्ड संख्या 9, 10, 11, 12 व 13 इन सभी क्षेत्रों में यहां के बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए रणनीति बनी,रोजगार दिलाना पहली प्राथमिकता होगी,इन सभी के साथ पानी बिजली स्वास्थ्य स्ट्रीट लाइट एवं 5 नंबर तालाब का सौंदर्य करण इन सभी मुद्दा पर चर्चा हुई और आंदोलन करने की रणनीति बनी। इस बैठक में रीतलाल पासवान उर्फ पंडित,दर्पण कुमार,सोनू मलिक, संजय कुमार दास, राजेश कुमार दास,मुकेश पासवान,राजीव पासवान,कृष्णकांत,राहल तुरी,दर्पण कुमार,सुभाष जायसवाल,रवि पासवान,सी. माहेश्वरी, राजमणि पासवान,शंकर कुमार,विक्रम कुमार,उदय कुमार,रवि कुमार,सनोज कुमार,अजीत पासवान,अजय पासवान,राजेश पासवान,भोला पासवान, देवेंद्र दिनेश एवं टाइगर फोर्स के सभी साथी उपस्थित हुए।

## धनबाद के आई आई टी आई एस एम में सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर होगी बम्पर बहाली

**श्रमबिंदु /धनबाद** । आई आई टी आई एस एम धनबाद ने सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर बम्पर बहाली निकली है। उक्त पदों के लिए विशेष भर्ती अभियान के तहत आवेदन मांगे हैं। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी-एनसीएल और पीडब्ल्यूडी वर्ग के इच्छुक उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते है। 31 जनवरी 2025 तक संस्थान के रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन हो सकता है। 82 पदों पर होगी बहाली इसके तहत 17 विभागों में 82 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें एससी वर्ग के लिए 28, एसटी के लिए 14, और ओबीसी-एनसीएल के लिए 40 पद आरक्षित किया गया हैं। इन पदों में से तीन पद पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रखा गया हैं। भर्ती के लिए आयु सीमा की काउंटिंग 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। संस्थान ने भर्ती से संबंधि अपने सभी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकारी हो या अर्द्धसरकारी संस्थानों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता प्रमाणपत्र(एनओसी) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस और एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के पदों पर भी आवेदन जारी हैं। इस पद के लिए सीईओ, सीटीओ, वाइस प्रेसीडेंट या निदेशक जैसे प्रतिष्ठित पदों पर काम कर चुके व्यक्ति आवेदन कर सकते है।31 जनवरी तक करें आवेदनइन सभी पदों पर चयनित शिक्षकों को शुरुआत में तीन साल के लिए अनुबंधित किया जाएग। इस प्रक्रिया के लिए IIT-ISM धनबाद ने एक रोलिंग एडवर्टाइजमेंट भी जारी किया है। जिसके तहत प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसरों के लिए साल भर आवेदन स्वीकार किए जायेंगे । उम्मीदवार केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तारीख 31 जनवरी 2025 है. उम्मीदवारों से अपील की गई है कि आवेदन करने से पहले संबंधित दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक अच्छे से उसे पढ़ लें।

# गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार मंत्री बनने पर पहली बार गिरिडीह पहुंचे

## गिरिडीह के विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार का जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत

**श्रमबिन्दु।**

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह पर उनका स्वागत किया गया। गिरिडीह जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारी संख्या में नगर विकास मंत्री का लोगों ने किया स्वागत।

रांची से गिरिडीह आने के क्रम में इंडिया गठबंधन से जुड़े झामुमों ,कांग्रेस और राजद के द्वारा बगोदर हरिहर धाम के समीप भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। जिसका मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया, स्वागत करने वालों में झामुमो जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल, माजिद अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

वहीं गिरिडीह जाने के क्रम में इंडिया गठबंधन के झामुमों और कांग्रेस, राजद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा मधुबन मोड़ एवं पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय निकट भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री सुदिव्य सोनू को माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही लोगों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, सुदिव्य भइया जिंदाबाद जैसे कई नारे लगाए। इस दौरान मंत्री सुदिव्य



सोनू ने सभी का आभार व्यक्त किया और गिरिडीह के लिए निकल गए। स्वागत करने वालों युवराज महतो,विद्याभूषण मिश्रा, कर्मवीर पांडा, ताज हसन, राधेश्याम मदक समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

इधर डुमरी में नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री का झामुमो,कांग्रेस व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डुमरी चौक में फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।साथ ही कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ खुशियां मनायी।वहीं मंत्री ने कहा कि हेमंत बाबू ने जो दायित्व मुझे दिया है,उसपर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करुंगा।कहा कि दिवंगत जगरनाथ बाबू हमारे मित्र थे।

डुमरी विधानसभा जगरनाथ बाबू की धरती रही है।यहां की जनता की समस्याओं को हर हाल में निदान करूंगा।इस दौरान झामुमो के राजकुमार महतो,बरकत अली,राजकुमार पांडेय कांग्रेस के महेश भगत, नागेश्वर मंडल,सूखदेव सेठ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कपिल ठाकुर, सनाउल्लाह, सदीक अली,युसूफ अंसारी,मनोज जायसवाल,कोलैया देवी, उपेन्द्र महतो,सोनू सोहेल,पंकज महतो,मितलेश महतो,टहल साव पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो,जगरनाथ ठाकुर,करीम बख्श आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

## असामाजिक तत्वों ने झरिया नगर कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश यादव पर किया हमला

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।

शनिवार को झरिया नगर कांग्रेस कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर के किया घायल ।

मामले का जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया की वह अपने निजी काम से झरिया स्टेशन रोड स्थित सूर्योदय नर्सिंग होम उपेंद्र यादव के घर गये थे बातचीत करने के बाद जब श्री यादव के घर से निकले तो झरिया के तरफ से स्विफ्ट कार में सुनील यादव, गुड्डू यादव, आकाश मंडल, पवन सिंह, जैकी साव आये और मुझे अचानक गाली गलौज देने लगे मना करने पर बोलने लगे की तुम बहुत बड़ा नेता बनते हो और फिर पांचो ने लात घुसों एवं चप्पल से मारने लगे जब मै चित



अवस्था में गिर गया तो बोलने लगे की हम पूर्व सांसद पी एन सिंह के भतीजा को किडनेप किये थे और कई हत्या भी किये है तो तुम क्या है तुमको जान से मार देंगे।

घनुडीह क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर एक गुट ने दूसरे गुट के नेता को जमकर पीटा । अगर पुलिस सतर्क नहीं हुई तो क्षेत्र में खूनी खेल खेलने से जरा भी परहेज नहीं करेंगे ये लोग । घटना घनुडीह ओपी क्षेत्र के सूर्योदय नर्सिंग होम के बाहर सड़क पर शनिवार को दोपहर में घटित हुई है। जहां कांग्रेस के झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव के ऊपर एकाएक 4-5 की संख्या में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हमला बोल दिया और रत्नेश यादव को जमकर लात घुसे व चप्पल से मारपीट किया गया। वही मारपीट होते देख थोड़ी देर के लिए रोड पर भगदड़ मच गई। रत्नेश यादव को मारपीट में अंदरुनी चोटे भी आई है। जिसकी लिखित शिकायत श्री यादव ने घनुडीह ओपी में करते हुए पुलिस से लगाई न्याय की गुहार । श्री यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि मै अपनी निजी कार्य को लेकर सूर्योदय नर्सिंग होम उपेंद्र यादव के घर गया था इस बीच झरिया राज ग्राउंड निवासी सुनील यादव अपने 4-5 साथियों के साथ नर्सिंग होम स्थित रोड पर पहुंचा और हमें रोड़ पर बिना बताए गाली गलौज करते हुए जान मारने के नियती से मारपीट करना शुरू कर दिया। मुझे अंदरुनी चोटे आई है। जिस जगह पर घटना घटित हुई है वहा सी सी टीवी कैमरे लगी हुई है। जिसमे सारे घटनाक्रम कैद हो चुका है। घायल रत्नेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि सुनील यादव एक नामी गिरामी कोयला तस्कर है जो पूर्व मे भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। क्षेत्र में चर्चा है की अब घनुडीह ओपी क्षेत्र में शुरू हुआ कोयला तस्करों का दादागिरी।

वही ओपी प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की लिखित शिकायत मिली है फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बलियापुर सीओ के नेतृत्व में सड़क के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**धनबाद** । आज दिनांक 07 दिसंबर 2024 को अंचल अधिकारी बलियापुर श्री प्रवीण सिंह के नेतृत्व में बलियापुर मुख्य चौराहा के चारों तरफ की ओर सड़कों से आंशिक अतिक्रमण हटाया गया । जिसमें थाना प्रभारी आशीष भारती पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।



अंचल अधिकारी ने बताया कि नाली के ऊपर जो पाथवे बना है उसपर दुकानदारों के द्वारा सामान वगैरा रखकर अतिक्रमित कर दिया गया है, जिसके कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । पाथवे के अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

अंचल अधिकारी ने शेष अतिक्रमण को 24 घंटे के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने हेतु निर्देशित किया है ' दिए गए समय सीमा पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर अंचल प्रशासन के द्वारा सोमवार को पुनः बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा, वैसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च की वसूली सर्टिफिकेट केस दायर कर संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी। सड़क के किनारे वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और भी प्रबल हो जाती है ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम हो सकेगा। किसी भी एंबुलेंस या जरूरतमंद को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा ' अंचल अधिकारी ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों पर लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत कानूनी करवाई की जाएगी '

उन्होंने सभी व्यवसाईयों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की है ' यह भी अनुरोध किया है कि आप स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा ले ताकि किसी प्रकार के बल प्रयोग की जरूरत ही ना पड़े '

अंचल अधिकारी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग की सराहना की है । साथ ही धैर्य पूर्वक व्यवसाईयों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया है ' अंचल अधिकारी ने बताया कि आज जिस प्रकार अन्य शहरों में जाम की समस्या बढ़ गई है वह दिन दूर नहीं जब बलियापुर में भी ऐसी स्थिति आ सकती है ' इसलिए आप सभी हमारा सहयोग करें प्रशासन आपके लिए सदैव तत्पर है और रहेगा '

अतिक्रमण हटाने में अंचल बलियापुर की पूरी टीम जिसमें अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन एवं चौकीदार उपस्थित थे।

## गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का त्वरित समाधान करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

### आवारा पशुओं को लेकर नगर निगम को कार्रवाई करने का निर्देश

**धनबाद** ।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का समाधान निकालने, बैंक मोड़ फ्लाईओवर तथा सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गोविंदपुर में लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने एनएचएआई को सर्विस रोड के अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने, सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने, गोविंदपुर थाना के पास सर्विस रोड पर खड़े वाहनों को शीघ्र हटाने तथा सड़क पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

वहीं निरसा में भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम को लेकर




उपायुक्त ने एनएचएआई को सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने और अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के गोविंदपुर और निरसा में सड़क जाम एक विकराल समस्या बन गई है। इसका मुख्य कारण एनएचएआई द्वारा अर्ध निर्मित सर्विस लेन, एनएचएआई की सड़क पर अतिक्रमण और सही साइनेज नहीं लगाना है। सड़क जाम के सथ-साथ आए दिन दुर्घटनाएं भी होती है। इसकी गंभीरता को एनएचएआई समझे और अधूरे निर्माण कार्य तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

बैठक में बैंक मोड़ फ्लाईओवर को लेकर भी उपायुक्त ने विचार विमर्श किया।

वहीं सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम को ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोग अपने पालतू जानवरों को सड़क पर छोड़ देते हैं। जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर पशु मालिक पर ₹पब्लिक न्यूसेंसर फैलने के लिए जुर्माना लगाने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने गोविंदपुर और फकीरडीह में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रित को शीघ्र मुआवजा का भुगतान करने, 8 लेन सड़क पर कुछ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र चालू कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री कमलेश्वर नारायण, डीएसपी मुख्यालय १ श्री शंकर कामती, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, एनएचएआई के पदाधिकारी, गोविंदपुर, निरसा, बरवाअड्डा तथा राजगंज थाना के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रेन से कट कर के बीसीसीएल कर्मी ने दी जान

**श्रमबिंदु /धनबाद** । चांद कुइया कॉलोनी के रहने बीसीसीएल कर्मी हालेज ऑपरेटर 59 साल गणेश यादव ने बलियापुर के रखितपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी आसपास के लोगों ने बताया कि काफी दिनों से वह पारिवारिक कलह के कारण परेशान रह रहे थे, काफी कर्ज उन पर चढ़ा हुआ था जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। लोगों का कहना था कि बहुत सरल स्वभाव के आदमी थे किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। अपने पीछे पांच पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गए। उनके पुत्र अनिकेत यादव ने बताया कि सुबह वह घर से डिप्टी के लिए बेरा कोलियरी निकले थे 11:00 बजे उनको यह जानकारी मिली कि उनके पिताजी ने रेलवे स्टेशन के पास इस प्रकार की घटना को अंजाम दे दिया है। पोस्टमार्टम के बाद जब उनका शव चांद कुइया कॉलोनी पहुंचा तो पूरा माहौल गमगीन हो गया।



## झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को ले बैठक

**श्रमबिन्दु।**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज शनिवार को झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने स्वीकृति हेतु लंबित आवेदनों के निष्पादन को लेकर उचित निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / संबंधित अंचल अधिकारी सर्वप्रथम सभी वी एल ई, आंगनबाडी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत स्तरीय पर्यवेक्षक का प्रखण्ड स्तर पर बैठक आयोजित कर पोर्टल पर ऑनलाइन किए गए आवेदनों का हार्ड कॉपी प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात आवेदन प्रपत्रों को नियमानुसार जाँच/सत्यापित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर योग्य लाभुकों को ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान करेंगे। साथ ही प्रतिदिन स्वीकृत किए गए आवेदन प्रपत्रों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध




कराएँगे। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि गिरिडीह जिले में माह अक्टुबर, 2024 में कुल 14932 लाभार्थियों का बैंक खाता एवं आईएफएससी कोड में त्रुटि है जिसका निराकरण अब तक लंबित है। त्रुटियुक्त सभी लाभार्थियों को आंगनबाडी सेविका के माध्यम से सूचित करते हुए लाभार्थियों के बैंक खाते के त्रुटियों का निराकरण करेंगे। तदनुपरांत सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, गिरिडीह द्वारा उक्त लाभुकों का भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना माननीय मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकताओं में से एक है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिनका जो दायित्व है, वो उसका समयबद्ध तरीके से निर्वहन करेंगे। सभी को समन्वय बनाकर कार्य करना है। ज्यादा से ज्यादा स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को इस योजना के बारे में बतलाया जाय और उन्हें इस योजना के लाभ के लिए किन किन दस्तावेजों की जरूरत है, वो भी बतलाया जाय।

- **छुटे हुए योग्य लाभुकों को आच्छादित करना :**

जनप्रतिनिधियों एवं जिला कार्यालय में प्रतिदिन आ रहे लाभुकों से प्राप्त सूचना अनुसार कई योग्य लाभुक उक्त योजना के लाभ से वंचित है। सभी आंगनबाड़ी सेविकॉए छुटे हुए योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनसे आवेदन प्रपत्र प्राप्त करेंगे एवं वीएलई से ऑनलाइन करवाते हुए महिला पर्यवेक्षिका / पंचायत सचिव के माध्यम से प्रखण्डों को स्वीकृति हेतु प्रपत्र उपलब्ध कराएँगे।

- **अपवर्जक मानको के तहत अयोग्य लाभुकों को चिन्हित कर पोर्टल पर विलोपन**

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां योजना के लाभुकों को भौतिक सत्यापन हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/संबंधित अंचल अधिकारी 09 दिसंबर सोमवार तक आंगनबाड़ी सेविका/महिला पर्यवेक्षिका/पंचायत सचिव इत्यादि कर्मियों का टीम गठन करना सुनिश्चित करेंगे एवं अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए पोर्टल से विलोपित करने की कार्रवाई करेंगे। साथ ही माह दिसंबर के अंतिम तिथि तक भौतिक सत्यापन का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँगे।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com